


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 सुपर-8: भारत का जीत से अगाज ...

क्या सानिया मिर्जा सच में कर रही हैं मोहम्मद शमी से शादी? 11



वर्ष : 12 | अंक : 71 | पटना, शनिवार, 22 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : पूरा देश हुआ योगमय, पीएम मोदी ने श्रीनगर में किया योग

## योग का दुनिया भर में विस्तार, योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को पूरा देश योगमय हो गया और सांस्कृतिक-धार्मिक बंधनों से परे लोगों ने योगाभ्यास करने के साथ स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन के मूलमंत्र योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और देश-दुनिया के लोगों को योद दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय के बाद पिछले एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं। आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं तथा अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नई योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है। श्री मोदी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कश्मीर और श्रीनगर का ये वातावरण, ये ऊर्जा और अनुभूति योग से हमें जो शक्ति मिलती है,



श्रीनगर में हम उसे महसूस कर रहे हैं। मैं देश के सभी लोगों को, दुनिया के कोने-कोने में योग कर रहे लोगों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूँ। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के इस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था जो एक रिकॉर्ड है।

**संसद भवन में योग शिविर का आयोजन :** संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अगुवाई में योग दिवस मनाया गया। श्री बिरला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा, आज योग सम्पूर्ण विश्व में एक आंदोलन है। पूरी दुनिया भाग्यशाली है कि हमारे पास योग के रूप में ऐसी शक्ति है जो हमारे अंदर संतुलन स्थापित कर हमें कुशल, सक्रिय और स्वाबलंबी बनाता है। पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है।

**राजनाथ सिंह ने सैनिकों के साथ किया योग:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 1 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोग शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व बताते हुए कहा कि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार करके अपना रही है। इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग पर राजनाथ सिंह ने कहा कि योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, जो हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की भावना रखती है। यानी हम सभी की खुशी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। हम विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। यह हमारी सभ्यता की विशेषता है। हम सभ्यताओं के टकराव के बजाय सहयोग में विश्वास करते हैं। इस सदियों पुरानी प्रथा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को मजबूत करता है। यह आक्रामक क्षमताओं को संभालने में मदद करता है, जो देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण है।

**अमेरिका, ब्रिटेन व इजराइल के दुतावास में योग कार्यक्रम:** ब्रिटेन का उच्चायोग, अमेरिका तथा इजराइल के दूतावास शुक्रवार को यहां आयोजित योग दिवस समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया, वहीं कई केंद्रीय मंत्रियों ने राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में आयोजित योग सत्रों में भाग लिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने दो सहयोगियों कीर्ति वर्धन सिंह और पबित्रा मार्गेरिटा तथा राजनयिक समुदाय के कई सदस्यों के साथ दिल्ली में कुछ आसन किए। विदेश मंत्री ने आयोजन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 पर आज सुबह नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में राजनयिक समुदाय के सदस्यों के साथ भाग लिया। दुनिया भर में योग के प्रति उत्साह और जागरुकता बढ़ाना प्रेरणादायी रहा है। यह देखकर खुशी हुई कि योग स्वयं और समाज के लिए इतने सारे लोगों के लिए जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है।

## योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है और जीवनशैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग भी किया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, खासकर भारत के नागरिकों, को बधाई। योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। जीवनशैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के मद्देनजर योग आज और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

उन्होंने योग करते हुए अपनी तस्वीरें भी एक्स पर साझा कीं। उन्होंने कहा, योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुबह योगाभ्यास किया और लोगों को शुभकामनाएं देते हुए योग संदेश दिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और अन्य नेताओं ने अलग-अलग स्थान पर योग आयोजनों का नेतृत्व किया।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी कर पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप व कैप्सूल किया जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्टनगर स्थित अल्पायी कॉलोनी में पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस ने चार बैग में छिपा कर रखे प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। इसमें 146 कार्टन कफ सिरप और 120 पीस कैप्सूल जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम छापेमारी को पहुंची। इस दौरान प्रतिबंधित कफ सिरफ और ट्रामा डोल कंटेनिंग कैप्सूल पाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद किए गए 146 कार्टन कफ सिरप में 16 हजार 440 बोतल मिला है, जो 1644 लीटर कफ सिरप है। वहीं कैप्सूल 120 पीस मिला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उनके नेतृत्व में छापेमारी दल में दारोगा राम सहोदर, सौरभ किुमार, सअनि रामायण राम, सिपाही अमित कुमार व विनोद कुमार यादव शामिल थे।

### इस साल अब तक 98 भारतीय हज यात्रियों की मौत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मक्का में सालाना तीर्थयात्रा हज के दौरान 98 भारतीयों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले साल हज की पूरी अवधि में भारत के कुल 187 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा, इस साल 1,75,000 भारतीय तीर्थयात्री हज के लिए मक्का गए हैं। हज की अवधि 9 मई से 22 जुलाई तक है। इस साल अब तक 98 लोगों की मौत हो जाने की सूचना है। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, मौतें प्राकृतिक कारणों, पुरानी बीमारियों और बुढ़ापे के कारण हुई हैं। अराफात के दिन छह लोगों की मौत हुई और चार लोगों की मौत दुर्घटना के कारण हुई। जायसवाल हज के दौरान भारतीयों की मौत से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

**चिकित्सा देखभाल व्यवस्था दस्तावेज जारी :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को यहां हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से एक दस्तावेज जारी किया। यह दस्तावेज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। इस अवसर पर जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास के मोहम्मद शाहिद आलम (जो वर्चुअली शामिल हुए) और विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी मौजूद थे। हज वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा और सबसे स्थायी वार्षिक सामूहिक आयोजन है।

# एनटीए ने सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा को किया स्थगित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून 2024 को स्थगित कर दिया है यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच आयोजित होने वाली थी। एनटीए ने परीक्षा कैंसिल करने का कारण संसाधनों की कमी बताया है. कहा जा रहा है कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम बाद में आधिकारिक वेबसाइट एनटीए के माध्यम से सूचना दे दी जाएगी। एनटीए ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह सूटना दी जाती है कि वे नई अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर रखें। साथ ही किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए परीक्षार्थी एनटीए हेल्पडेस्क के नंबर 011-4075 9000 पर फोन कर जानकारी हासिल कर सकते हैं। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा जून-2024, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार और



सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराई गई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का एलान किया था। परीक्षा आयोजित होने के एक दिन बाद ही सरकार ने परीक्षा रद्द करने का एलान कर सभी को चौंका दिया था। एनटीए द्वारा कराई जाने वाली नीट की मेडिकल एंट्रेस परीक्षा पहले ही सवालों के घेरे में है और फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर रहा है। अब सीएसआईआर-यूजीसी-नेट की परीक्षा स्थगित होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# नीट-यूजी विवाद: काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

## उच्चतम न्यायालय का काउंसलिंग टालने से इनकार

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 की छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया और कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंस, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई आठ जुलाई को तय की है। याचिकाकताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी



जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया, मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि छह जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला आठ जुलाई को सूचीबद्ध है। पीठ ने कहा, हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है। यह एक प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया छह जुलाई से शुरू हो रही है। जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से इनकार करते हुए कहा कि एनटीए, केंद्र और अन्य उत्तरदाताओं की ओर से पेश अधिवक्ता दो सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है। इसके बाद पीठ ने एनटीए के अधिवक्ता से आवेदन पर जवाब दाखिल करने को कहा और इसे आठ जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। केंद्र ने शीर्ष अदालत को 13 जून को बताया था कि एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी 2024 में शामिल 1563 अभ्यर्थियों को अनुग्रह अंक देने का निर्णय रद्द कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। आवेदक के अधिवक्ता ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दोबारा परीक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि अभ्यर्थियों को दोबारा परीक्षा देने के तनाव से गुजरना होगा। पीठ ने कहा, जब पांच मई की मुख्य परीक्षा को रद्द करने की संभावना हो तो सब कुछ रद्द किया जा सकता है। पीठ ने अधिवक्ता से पूछा, क्या आप उनके बारे में चिंतित हैं या आप अन्य उम्मीदवारों के बारे में चिंतित हैं जिन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा रही है? पीठ ने कहा, यह क्या तर्क है? शीर्ष अदालत ने एक अलग याचिका पर भी विचार किया जिसमें एनटीए को एक बीमारी से पीड़ित उम्मीदवार को दोबारा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

### भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया है: प्रियंका

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में ह्यपेपर लीकह्व होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

# भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर बनाये गये

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेसी। राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब को अठाहरवीं लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव होने तक अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने इसके अलावा सर्वश्री सुरेश कोडिकुन्निल, थालिकोट्टई राजुथेवर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाने में प्रोटेम स्पीकर की सहायता करने की जिम्मेदारी दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरूवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ने लोकसभा के सदस्य भर्तृहरि महताब को लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करने



के लिए संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 99 के तहत सुरेश कोडिकुन्निल, थालिकोट्टई राजुथेवर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय को नवनिर्वाचितों को शपथ दिलाने में प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा का सत्र सोमवार से शुरू होगा। पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी। इसके अगले दिन 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर लोकसभा के ह्यप्रोटेम स्पीकरह्व (अस्थायी अध्यक्ष) की नियुक्ति का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि लगातार सबसे लंबे समय से सदन के सदस्य भाजपा नेता भर्तृहरि महताब के चयन में परंपराओं का पालन किया गया है। कांग्रेस ने इस पद के लिए आठ बार के लोकसभा सदस्य सुरेश की अनदेखी के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर ह्यसंसदीय मानदंडों को नष्ट करनेह्व का आरोप लगाया है। रीजीजू ने दावा किया कि सुरेश आठ बार के सांसद हैं, लेकिन 1998 और 2004 में वह लोकसभा के सदस्य नहीं थे और इसलिए वह लगातार सांसद नहीं रहे हैं।

### खान एवं भूतत्व विभाग में कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का उद्घाटन

# राज्य में अवैध खनन करने वाले माफियाओं की खैर नहीं : विजय

## विभाग का राजस्व, विश्वसनीयता और काम काज में होगी गुणात्मक वृद्धि

प्रात : किरण

पटना। उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विकास भवन सचिवालय में खान एवं भूतत्व विभाग में कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का उद्घाटन किया। इस मौके पर विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह और अपर सचिव भरत भूषण भी उपस्थित थे।

उद्घाटन से पूर्व अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री सिन्हा ने कहा कि कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर के गठन से राज्य में अवैध खनन करनेवाले माफियाओं पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। विभाग का राजस्व बढ़ने के साथ-साथ इसकी विश्वसनीयता और



कामकाज में गुणात्मक वृद्धि होगी। राज्य में 891 बालूघाट है, जिसमें 326 घाटों की बन्दोबस्ती की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 6095 छापेमारी, 3462 वाहनों की जप्ती, 832 प्राथमिकी एवं 43.44 करोड़ रुपये की दंड की वसूली की गयी है। विभाग ने कुछ दिन पूर्व छापेमारी कर एक ही स्थान पर 46 वाहनों को जप्त किया, जिसमें 40 अवैध थे। यह छापेमारी लगातार जारी है। उड़नदस्ता का भी गठन कर औचक निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। के लाईसेंस की भी समीक्षा कर इसे पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य बंटबारे के साथ वृहद खनन झारखंड चला गया। अब हम बिहार में भी वृहद खनन क्षेत्र की खोज में लगे हैं। आज भी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं और विभाग की व्यवस्था को जनहित में बनाने के लिए सब का सुझाव ले रहे हैं।

इस विभाग को रोजगार सृजन का केन्द्र बनाने के लिए हमने अभियान शुरू कर दिया है। इसके सफल संचालन के लिए नियमावली में बदलाव का भी विचार चल रहा है। राज्य के लोगों से भी इस पर सुझाव मांगा जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि विभागीय स्तर पर 24*7 कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर कार्य करेगा और इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर-0612 2215360 भी चालू किया गया है।

राज्य के किसी भी हिस्से से लोग अवैध खनन, ओवरलोडिंग, परिवहन और भ्रष्टाचार के मामले में उक्त हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत कर सकेंगे। इसके माध्यम से सभी जिलों में संचालित बालू घाटों पर 24*7 निगरानी रखी जायेगी। सभी संचालित बालूघाटों पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों के सी.सी.टी.वी. फुटेज का अवलोकन कर अवैध खनन एवं परिवहन का निरीक्षण होगा और त्वरित कार्रवाई होगी।

**रवाना** | मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी ली

# सीएम नीतीश ने117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण में होगी सहूलियत

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार 01 अणे मार्ग से सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण हेतु 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरूआत में अपर



117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

पुलिस महानिदेषक, यातायात सुधांषु कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चैधरी, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद ललन सर्राफ आदि मौजूद रहे। वहीं, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, अपर पुलिस महानिदेशक, स्पेशल ब्रांच सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, बजट पारसनाथ, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवधेश नारायण सिंह ने संभाला विप के कार्यकारी सभापति का पदभार

प्रात : किरण

## सीएम नीतीश ने कार्यकारी सभापति को दी बधाई

पटना। अवधेश नारायण सिंह ने शुक्रवार को बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहें। मुख्यमंत्री ने बिहार विधान परिषद् स्थित बिहार विधान परिषद् के सभापति कक्ष में बिहार विधान परिषद् के नवनियुक्त कार्यकारी सभापति अवधेष नारायण सिंह का अभिवादन किया तथा पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री



अशोक चौधरी, बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति सह सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश नारायण सिंह के गया स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद हैं। इससे पहले भी वे विधान परिषद के सभापति रह चुके हैं। एक बार फिर से उनको यह जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, नीतीश मंत्रिमंडल के सदस्य विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र यादव सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर के लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी से विजयी होने के कारण उन्होंने सभापति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसी कारण अब कार्यकारी सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह को नई जिम्मेदारी दी गई है। अवधेश नारायण सिंह तीन बार के एमएलसी हैं. वे नीतीश सरकार में अप्रैल 2008 से नवंबर 2010 तक श्रम संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं। साथ ही पूर्व में भी विधान परिषद के सभापति की जिम्मेदारी संभाल चुके है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : राजधानी सहित पूरे प्रदेश में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

## राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित योग शिविर में किया योगाभ्यास



पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर के लॉन में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। उन्हें ऑर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक नितिन शर्मा एवं प्रियंका कुमारी ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान आदि का अभ्यास कराया। योग शिविर में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अन्तर विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता-2024 के विजेताओं को पुरस्कृत किया। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 20 जून, 2024 को राजभवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में पटना विश्वविद्यालय के श्री प्रभात कुमार ने प्रथम, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की सुश्री नीलम कुमारी ने द्वितीय एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ही अर्पणा डे व शिवानी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता में 16 विश्वविद्यालयों के 78 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।

## अहं से वयं की ओर जाने का मार्ग है योग : सम्राट

पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पटना के पाटलीपुत्र कॉम्प्लेक्स में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कहा कि योग :अहं से वयं की ओर जाने का मार्ग है। श्री चौधरी ने कहा कि भारत की इस अमूल्य धरोहर को पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया तक पहुंचाया और आज के समय में योग दुनियाभर में भारत की पहचान बन चुका है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें। प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, हम सब योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और उसके लाभों को आत्मसात करें। योग केवल हमारे शरीर को नहीं, बल्कि हमारी सोच और जीवन के दृष्टिकोण को भी बदलता है। यह हमें एक स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर करता है। इसीलिए कहा गया है कि योगः कर्मसु कौशलम - योग में निपुणता ही सच्ची कुशलता है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में भी योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। योग में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानीया, महामंत्री ललन मंडल, राजेश वर्मा, कार्यालय मंत्री प्रवीण राय पटेल, सुग्रीव रविदास, जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार, विधायक जीवेश मिश्रा, पवन यादव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## पीएम मोदी के प्रयास ने किया योग को दुनिया में लोकप्रिय : मंगल

### आयुष समिति की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित



पटना। राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयुष समिति के तत्वावधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय, सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार, विधायक अरुण सिन्हा ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि योग भारत के लिए एक गौरवशाली अध्याय है। जिसे हमने विश्व में प्रचारित किया। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने भी योग को भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अद्भुत उपहार बताया। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने भी स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए योग को अहम बताया। कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से 2015 से पूरी दुनिया ने एक साथ योग करना शुरू किया। श्री पांडेय ने कहा कि भारत की इस गौरवशाली व पौराणिक विद्या को पीएम ने न केवल मान्यता दिलवायी बल्कि पूरी दुनिया के मन मानस में स्वस्थापित करवाया। यदि व्यक्ति को स्वस्थ्य रहना है तो योग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। आज दुनिया के लगभाग 200 देश एक साथ योग कर रहे हैं। योग आज वैश्विक पर्व बन गया है। इस साल योग का थीम स्वयं और समाज के लिए योग, संपूर्ण भावना व परिणाम को निहित करता हैं। श्री पांडेय ने कहा कि योग किसी व्यक्ति मात्र का नहीं रह गया। यह संपूर्ण मानवता के लिए हो गया है। योग शरीर के हर अंग को दुरुस्त रखता है ताकि वो सही तरीके से कार्य करे । योग शरीर के साथ मन भी शांत रखता है। आज योगा अधिकतर लोगों के जीवन का बहुमूल्य हिस्सा हो गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, आयुष निदेशक अनिल जी, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ, आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य परमतेज, ब्रह्मकुमारी प्रजापति संस्थान की बहन संगीता भी उपस्थि रहीं।

## योग स्वस्थ जीवन का आधार : धर्मशीला गुप्ता

### राज्यसभा सांसद कंगन घाट योग शिविर में हुई शामिल



पटना। भाजपा महिला मोर्चा बिहार प्रदेश द्वारा10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पटना साहिब के कंगन घाट पर योग शिविर सह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद सह महिला मोर्चा बिहार की अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता जी शामिल हुई। प्रातः 6 बजे आयोजित इस योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने उपस्थित लोगों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि योग ही स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। यह भारत की अमूल्य विद्या है जिसका महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। उन्होंने लोगों से योग को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि योग करें और निरोग रहें। योग कार्यक्रम में बिहार की योग कार्यक्रम प्रभारी सरोज जायसवाल, प्रदेश प्रवक्ता एव सह कार्यक्रम प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, सजल झा, महामंत्री सोभा सिंह जी आयोजन मंडल के, विनोद किसलय, शीला कुशवाहा मीडिया प्रभारी कुमारी वसुधा, शशि बल्दीहार, माला सिन्हा, नेहा निश्चल एवंअमित कानोरिया, संजीव यादव, स्वेता कुमारी के साथ अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस योग शिविर में शामिल हो कर योगा किये।

## शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्य करें योग : नितिन



पटना नगर निगम कर्मियों ने योग कर दिया निरोग रहने का संदेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पटना नगर निगम द्वारा गंगा तट जेपी सेतु दीघा घाट पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, दीघा विधायक संजीव चौरसिया मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि योग एक पवित्र माध्यम है। सभी को सफाईकर्मी को शुभकामनाएं एवं आभार आपके साथ योग करना एक बेहद खुशी का पल है। सफाईकर्मी अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्य करें। गंगा तट और योग एक अद्भुत संगम है। योग विश्व के लिए भी प्रेरणा श्रोत है। सभी सफाईकर्मियों संकल्प ले स्वच्छता के साथ योग को भी अपने दिनचर्या में शामिल करें। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने नगर निगम के इस पहल की तारीफ की और सभी को योग को अपने जीवन में शामिल करने की सीख दी। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं कहीं भी रहूँ 21 जून को हमेशा पटना रहता हूं। सफाईकर्मियों के साथ आज मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। योग जोड़ता है आत्मविश्वास का संचालन करता है। योग की ताकत सब जानते है। निगम इसे अपने आदत में शामिल करें। इस दिन को हर साल विशेष रूप से मनाएं। दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि योग से बड़ा कुछ नहीं है, प्रतिदिन जरूर योग के लिए समय निकालें। जिससे आपका स्वास्थ्य बना रहे। इस दौरान सशक्त स्थाई समिति के सदस्य डॉ आशीष सिन्हा, इंद्रदीप चंद्रवंशी वार्ड के पार्षद गण, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, एवं सभी अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारी, रहट पदाधिकारी एवं नगर निगम कर्मियों ने इस योग सत्र में हिस्सा लिया।

## योग भारत की एक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत : चिराग

- केन्द्रीय मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात



पटना। केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया। वहीं, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी देशवासियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि योग भारत की एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत है, जो हमारी भारतीय सभ्यता में सदियों से चली आ रही है। योग जहां हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, वही हमारे अंतर्मन को शांत एवं स्थिर रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया और योग को विश्व स्तरीय एक नई पहचान मिली। योग की इस व्यापक स्वरूप को बढ़ाने के लिए ही हमारे प्रधानमंत्री के निरंतर प्रयासों से आज पूरा विश्व हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अमूल्य ने योग को अपना रहा है।आईये इस दिवस को हम सभी मिलकर मनाए एवं अपने परिवार और समाज को स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने के लिए प्रण लें ताकि विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सके। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

## सुल्तानगंज में बनाई जाएगी 600 बेड की टेंट सिटी : मंत्री



पटना। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने शुक्रवार को निदेशालय सभागार में आगामी जुलाई-अगस्त माह में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरूआत करते हुए पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग श्रावणी मेला के बेहतर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर चुका है। वरीय पदाधिकारियों की टीम ने श्रावणी मेला स्थली सुल्तानगंज से मेला पथ में झारखंड बॉर्डर तक निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी है। इसके उपरांत आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम नंदकिशोर ने कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान सुल्तानगंज में गंगा तट पर प्रशासनिक पदाधिकारियों की तैनाती रहेगी, पर्यटन सूचना केंद्र के साथ गंगा आरती की व्यवस्था रहेगी। मंत्री ने निदेश देते हुए कहा कि सुल्तानगंज में भी कई श्रद्धालु आवासन करना चाहते हैं, उनके लिए सुल्तानगंज में आवासन की यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत निर्णय लिया गया कि 600 बेड की टेंट सिटी सुल्तानगंज में बनाई जाएगी। मंत्री ने कहा कि सुल्तानगंज में ही शिवजी का एक भव्य स्कल्पचर स्थापित किया जाए जहां पर भक्ति संगीत का निरंतर प्रसारण होता रहे। उन्होंने सभी जगहों पर सुविधाओं के सूचनापट्ट और उनपर हेल्पलाइन नंबर लगाने के निदेश दिए। उन्होंने टेंट सिटी में तिथिवार बेडशीट परिवर्तित करने के साथ ही साफ-सफाई को लेकर विशेष तौर पर चौकसी बरतने और गर्मी में पंखे की पर्याप्त संख्या रखने के भी निदेश दिए। बैठक में पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय, उप सचिव इंदू कुमारी, उप निदेशक प्रदीप गुप्ता, महाप्रबंधक अभिजीत कुमार सहित सभी विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## नीतीश का आरक्षण गरीबों के लिए, राजद-कांग्रेस का परिवार के लिए : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि जिस राजद-कांग्रेस ने अपने 15 वर्ष के शासनकाल में किसी गरीब को न तो आरक्षण दिया और न ही किसी का आरक्षण बढ़ाया, उन्हें आरक्षण पर बोलने का अधिकार ही नहीं है। आज हाईकोर्ट के निर्णय पर घड़ियाली आंसू बहाकर यह लोग जनता को बेवकूफ बनाना चाहते हैं। इन्हें समझ लेना चाहिए कि जनता जानती है कि जो नीतीश सरकार ने उन्हें 65 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दे सकती है, वह उनके हक के लिए हर लड़ाई लड़ने में सक्षम हैं। नीतीश सरकार और एनडीए के रहते गरीबों के आरक्षण को कोई खतरा नहीं पहुंचने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि कपूर्री ठाकुर जी के सत्ता में आने से पहले केवल दलित समाज को आरक्षण मिला करता था।

लेकिन कपूर्री ठकुर जी ने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज की गरीबी को समझा और पहली बार उन्हें आरक्षण देने का क्रांतिकारी काम किया। उस समय उन्होंने पिछड़े समाज को 8 प्रतिशत और अतिपिछड़े समाज को 12 प्रतिशत का आरक्षण दिया था। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कपूर्री ठाकुर के बाद यह नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने बदलते वक्त के हिसाब से पिछड़े व अतिपिछड़े समाज के आरक्षण को बढ़ाकर क्रमशः 12 व 18 प्रतिशत कर दिया। बाद में जातिगत गणना करवा कर नीतीश सरकार ने इसे और बढ़ाते हुए पिछड़ा समाज के आरक्षण को 18 व अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण को 25 प्रतिशत कर दिया। इसी तरह नीतीश सरकार ने दलितों को मिल रहे 15 प्रतिशत आरक्षण को भी बढ़ाकर पहले 16 प्रतिशत किया और अब जातिगत गणना के बाद इसे 20 प्रतिशत करने का निर्णय ले लिया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस को बताना चाहिए कि कपूर्री जी के बाद और नीतीश सरकार से पहले दशकों तक उनकी सरकारें रहीं। लेकिन उन्होंने क्यों किसी नये वर्ग को आरक्षण नहीं दिया और न ही दलितों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को बढाया। हकीकत में इनका पूरा ध्यान परिवार की तिजोरी भरने पर लगा रहा। लोग जानते हैं कि नीतीश सरकार में जहां गरीबों को आरक्षण मिलता है वहीं राजद-कांग्रेस में परिवार को।

## बढ़ाई गयी एमएसपी किसानों के साथ फिर धोखा : किसान महासभा

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह प्रेस बयान के जरिए केंद्र सरकार द्वारा हाल में 14 खरीफ फसलों के लिए बढ़ाई गयी एमएसपी को नाकाफी बताते हुए इसे किसानों के साथ एक धोखा करार दिया है। उन्होंने ने मोदी सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर उसने 2014 में किसानों से किये अपने वायदे स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सी-2+50 प्रतिशत की दर से एमएसपी घोषित न की और एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी न दी तो उसे आने वाले समय में फिर एक बड़े किसान आन्दोलन का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उमेश सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित खरीफ फसलों की एमएसपी को कुल उत्पादन लागत का डेढ़ गुना बताने को देश के किसानों का मजाक उड़ाना बताया। कहा कि पिछले दस वर्षो से देश में फर्जी आंकड़ों की बाजीगरी करने वाली सरकार किसानों को भी अपने फर्जी आंकड़े दिखा कर देश की जनता को गलत सूचना दे रही है। जबकि हकीकत यह है कि अभी तक घोषित एमएसपी को इस सरकार ने ए2 + एफएल+50% फॉमूर्ला में स्थानांतरित कर दिया है। इसमें सी-2 को लागत में जोड़ा ही नहीं गया है। सी-2 फामूर्ले में किसान की जमीन का किराया जिस पर वह पट्टेदार या बटाईदार को अपनी जमीन जोतने को देता है और बैंक या आढ़ती से लिए कर्ज का व्याज चुकाता है, को भी फसल की मूल लागत में जोड़ा जाता है। जमीन का किराया देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग है. यह पंजाब में जहां 60 से 70 हजार रुपया प्रति एकड़ है

## दो दिवसीय फैशन प्वाइंट एग्जिबिशन आज से



### विधायक श्रेयसी सिंह पनाश होटल में एग्जिविशन का करेंगी उद्घाटन

पटना। फैशन में रूचि रखने वाले प्रदेशवासियों के लिए राजधानी पटना के होटल पनाश में दो दिवसीय फैशन प्वाइंट एग्जिबिशन का आयोजन शनिवार यानी आज किया जा रहा है। इसमें देश भर के बड़े फैशन डिजाइनर के लेटेस्ट कलेक्शन का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें मेट्रो कलेक्शन की भरमार होगी। एग्जिबिशन का उद्घाटन विधायक श्रेयसी सिंह करेंगी। उक्त बातें फैशन प्वाइंट की चेयरपर्सन रीना अग्रवाल ने शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया की एग्जिबिशन में कोलकाता के मशहूर फैशन डिजाइनर अभिषेक राय के हैंडमेड हैंडलूम साड़ियों के बेहतरीन कलेक्शन को लॉन्च किया जाएगा, जिसे आप कस्टमाइज भी करवा सकते हैं। वही शांति निकेतन के कार्तिक मना के बाटिक प्रिंट के एक्सक्लूसिव कलेक्शन प्योर कॉटन सिल्क में लेडीज और मेंस वियर के जैकेट, क्रॉप टॉप और एक्सक्लूसिव साड़ियों की बेहतरीन कलेक्शन की पेशकश की जाएगी। रीना अग्रवाल ने बताया के एग्जिबिशन में इस बार मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बैंगलोर जैसे मेट्रो सिटीज के साथ-साथ लखनऊ, बनारस, जयपुर, पंजाब के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के कलेक्शन भी देखने को मै मिलेंगे। फेस्टिवल एवं वेडिंग सीजन को देखते हुए फेस्टिव कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहें हैं। एग्जीबिशन में प्रति घंटे विजिटर्स के लिए लकी ड्रॉ किया जा रहा है। एग्जीबिशन के कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित है। संवाददाता सम्मेलन में सारिका अग्रवाल, पूनम मस्करा, स्नेहा अग्रवाल भी मौजूद थी।

## भाजपा शासन में पेपर लीक राष्ट्रीय त्रासदी : अखिलेश

- नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




नीट यूजी परीक्षा में हुए व्यापक धांधली के खिलाफ बिहार कांग्रेस के ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को राजधानी के इनकम टैक्स गोलम्बर पर इकट्ठा होकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतियोगिता परीक्षा में हो रही धांधली पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भाजपा शासन है वहां-वहां इस तरह की घटनाएं बराबर होती रही हैं। भाजपा शासन में देश की शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था धांधली का शिकार होती जा रही है। पेपर लीक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान की नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में व्यापम घोटाला से इसकी शुरूआत हुई और उत्तर प्रदेश होते हुए यह बिहार पहुँच गई। उत्तर प्रदेश के भाजपा शासन में शायद ही कोई परीक्षा हुई जिसमें पेपर लीक नहीं हुआ या धांधली नहीं हुई। इसीलिए कांग्रेस ने पेपर लीक को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया और अपने मैनिफेस्टो में शामिल किया । पेपर लीक एक राष्ट्रीय त्रासदी बनता जा रहा है। इसकी गहन जाँच होनी चाहिए और पूरी व्यवस्था की बुनियादी ढाँचे को दुरूस्त करने की जरूरत है। ताकि युवा पीढ़ी के दिमाग में परीक्षा की विश्वसनीयता कायम रहे। प्रदर्शन में भाग लेने वाले नेताओं में कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, पार्षद डा समीर कुमार सिंह,पूर्व सांसद अजय निषाद, विधायक नीतू सिंह, लाल बाबू लाल, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, अनिल कुमार, आनन्द माधव, राज कुमार राजन, प्रभात कुमार सिंह, ज्ञान रंजन, शरवत जहां फातिमा, कुमार आशीष, आलोक हर्ष, केसर कुमार सिंह, संजय यादव, राज किशोर सिंह, शिव प्रकाश गरीब दास, नागेन्द्र कुमार विकल, शशि रंजन,निधि पाण्डेय आदि प्रमुख हैं।

## 75 कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान देने का प्रावधान : मंगल

### मंत्री ने कृषि यांत्रिकरण योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया का शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कृषि मंत्री मंगल पाण्डे के ने शुक्रवार को कृषि यांत्रिकरण योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन लॉटरी की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने किसानों के बीच मिलेट्स (मडुआ, ज्वार, बाजरा एवं साँवा) के बीज, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पौधा संरक्षण हेतु एग्री क्लिनिक एवं मधुमक्खीपालन प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को उपादान, प्रमाण-पत्र आदि का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकरण राज्य योजना के अन्तर्गत कुल 82.25 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त है तथा केन्द्र प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन अंतर्गत कुल 104.16 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त है। उन्होंने कहा कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना अन्तर्गत कुल 75 प्रकार के कृषि यंत्रों पर 40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक का अनुदान देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि कृषि यांत्रिकीकरण योजनान्तर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों यथाः स्ट्रॉ रीपर, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रा बेलर, ब्रस कटर इत्यादि यंत्रों पर विशेष बल दिया गया है। लघु, सीमांत किसानों के लिए छोटे यंत्र यथा हसियाँ, कुदाल, खुरपी, मेज सेलर एवं वीडर का किट बनाकर अनुदानित दर पर दिया जा रहा है। यांत्रिकरण योजनान्तर्गत बुआई से पूर्व तथा कटाई के उपरांत तक उपयोग होने वाले कुल 75 प्रकार के यंत्रों यथा कल्टीवेटर, डिस्क हैरो, पोटैटो प्लांटर, पैडी ट्रांसप्लांटर, मल्टी क्रॉप थ्रेसर, टी प्लकर, पोटैटो डीगर, मखाना पॉपिंग मशीन, राईस मिल, फ्लोर मिल, चौफ कटर, पावर टीलर एवं रोटावेटर आदि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है।

**अनुदानित दर पर कृषि यंत्र के लिए अभी तक कुल 77867 आवेदन प्राप्त :**

सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि कृषि यांत्रिकरण योजना का मुख्य उदेश्य अनुदानित दर पर उन्नत कृषि यंत्रों का पहुँच किसानों तक उपलब्ध कराना है, ताकि किसान उचित समय पर शष्य क्रियाओं का निष्पादन कर कृषि उत्पाद व उत्पादकता में वृद्धि कर सके। उन्होंने बताया कि पहली बार यांत्रिकरण योजना के लिए किसानों को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र क्रय करने हेतु आवेदन की सुविधा अप्रैल माह से ही शुरू किया गया।

# दो दिवसीय आम महोत्सव आज से, सीएम नीतीश करेंगे उद्घाटन

## ज्ञान भवन में होगा आयोजन, 4578 प्रदर्शों को की गयी प्रदर्शित

- 4578 प्रकार के रंग-बिरंगे आम के साथ सज चुका है स्टॉल
- महोत्सव को आकर्षक, ज्ञानवर्द्धक एवं मनोरंजक बनाने का हरसंभव प्रयास : सचिव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दो दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन आज से ज्ञान भवन में होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पांडे मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने दी। कृषि सचिव ने बताया कि बिहार के कृषि अर्थव्यवस्था में बागवानी की भूमिका अहम है। कृषि सचिव ने बताया कि महोत्सव को आकर्षक, ज्ञानवर्द्धक एवं मनोरंजक बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है। राज्य के आम की विविधता के प्रदर्शन के लिए आम महोत्सव सैंकड़ों रंग-बिरंगे आम के साथ सज चुकी है। सचिव, कृषि ने बताया कि प्रदर्शनी में राज्य के विभिन्न जिलों के आम उत्पादकों एवं उद्यमियों द्वारा आम एवं इसके प्रसंस्कृत उत्पाद के प्रदर्शों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में आम के अगात किस्मों, मध्यकालीन किस्मों, पिछात किस्मों, संकर किस्मों, रंगीन किस्मों, बीजू आम आदि के 4578 प्रदर्शों को प्रदर्शित की गयी है। प्रदर्शनी में राज्य के कृषकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है। अगात किस्मों में जदालू, मिठुआ, गुलाब खास, सुर्ख वर्मा, सुन्दर प्रसाद, जरदा, बम्बई, रानी पसंद, गोपालभोग आदि के 1357 प्रदर्श प्रदर्शित किया गया है। मध्यकालीन किस्मों में लंगड़ा (मालदा), हेमसागर, अमन इब्राहिमपुर, कृष्णभोग, अलफांसो, दशहरी, हुस्न-ए-आरा, खासुलखास, बेनजीर, आबेहयात आदि के 1367 प्रदर्श प्रदर्शित किया गया है। पिछात किस्मों में फजली, सुकूल, सीपिया, समरबहिस्त, चैसा, तैमूरिया, की 667 प्रदर्शों को प्रदर्शित किया गया है। संकर किस्म में महमूद बहार, प्रभाशंकर, मल्लिका, आम्रपाली आदि के 586 प्रदर्शों को प्रदर्शित किया गया है। बिहार राज्य में आम की प्रमुख किस्मों के साथ कुछ खास क्षेत्रों में आम के कुछ खास किस्म का उत्पादन होता है, जहाँ की मिट्टी एवं जलवायु आम के फल को एक विशेष पहचान दिलाती है। सचिव ने बताया कि राज्य में 1.63 लाख हेक्टेयर में आम की बागवानी है एवं 15.76 लाख टन का उत्पादन होता है। महोत्सव के दौरान तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया है, जिसमें राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक कृषकों को आम के बेहतर उत्पादन की तकनीकी का ज्ञान देंगे एवं कृषकों की समस्या का उपाय बतायेंगे।

**बच्चों के लिए महोत्सव है खासः**

बच्चों के मनोरंजन के लिए ात्थ्टत एवं अन्य खेल, आम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, आम खाओ इनाम पाओ प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया है। स्कूल एवं कॉलेज के बच्चे राज्य में उत्पादित आम के विभिन्न किस्मों से रूबरू हो सकेंगे। आम खाओ प्रतियोगिता में आम का स्वाद भी चखेंगे।

### अच्छे प्रदर्शन करने वाले कृषकों को दी जायेगी पुरस्कार

प्रतियोगिता के नौ वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5 हजार रुपए, 4 हजार रुपए एवं 3 हजार रुपए के साथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही, राज्य के एक किसान को सभी वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर 10,000 रुपए की विशिष्ट पुरस्कार एवं आम शिरोमणि की उपाधि प्रदान की जायेगी। सचिव ने बताया कि राज्य में बागवानी फसलों के विकास हेतु राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएँ संचालित की जा रही है, जिसमें राष्ट्रीय बागवानी मिशन, फल विकास योजना, क्लस्टर में फलों की खेती आदि। योजना के चयन में राज्य के क्षेत्रों की विविधता का ध्यान रखा गया है। क्लस्टर में फलों की खेती हेतु राज्य सरकार के द्वारा 1-2 लाख रुपए प्रति एकड़ सहायतानुदान का प्रावधान किया गया है, ताकि राज्य में विभिन्न फलों के उत्पादन को बढ़ाया जा सके एवं इसके बाजार की समुचित व्यवस्था किया जा सके। राज्य सरकार के द्वारा प्रसंस्करण इकाई, कोल्ड चेन विकास आदि हेतु सहायतानुदान प्रदान की जा रही है, ताकि कृषकों के उत्पाद को बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021 में जदालू आम को लंदन, दुबई, बहरीन भेजा गया। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बिहार के आमों की किस्मों को खास पसन्द किया जाता है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : एम०सी०–115–क्यू०डब्लू० बीएक्सआर एसटीएन, दि० 20/06/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लु०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: **(1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ:** बक्सर स्टेशन पर कैमटेक डिजाईन के अनुसार त्वरित जल व्यवस्था की सुविधा। कार्यस्थलः– बक्सर स्टेशन **(2) अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू. 1,19,33,671.92/– (रूपये एक करोड़ उन्नीस लाख तैंतीस हजार छः सौ इक्हत्तर एवं वानवे पैसे मात्र। **(3) अग्रधन राशि (रूपया में):** रू. 2,09,700/– (रूपये दो लाख नौ हजार सात सौ मात्र)। **(4) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 12.07.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **(5) वेव साईट का नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS **website: www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/00541/डीएनआर/एमईसीएच/टी/24–25/32**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्या : 24–25–7–एचआरटी–बीआरएस–आईसीएफ–बोगी, दिनांक–20.06.2024**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में आईसीएफ बोगियों की स्ट्रिपिंग और असेंबली तथा व्हील सेटों को डिस्मेंटलिंग और सफाई के लिए निविदा।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू 1,56,45,013.44 (रूपये एक करोड़ छप्पन लाख पैंतालीस हजार तेरह एवं चौवालीस पैसे मात्र)। **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य। **4. अग्रधन की राशि :** रू. 2,28,200.00 (रू. दो लाख अठाईस हजार दो सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा, निर्धारित तिथि 10.07.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12.15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है। :** निविदा सूचना, पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: https:// www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरुरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत**
**पीआर/0531/एचआरटी/2/टी/24–25/44**

# जिला में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव से लेकर शहर तक लोगों ने किया योगाभ्यास

## सांसद, विधायक,जिला पदाधिकारी व मेयर ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर जिला गंगा समिति, दरभंगा द्वारा शहर के दिग्घी तालाब घाट पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद गोपाल जी ठाकुर, नगर विधायक संजय सरावगी, जिलाधिकारी राजीव रौशन,मेयर अंजुम आरा एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य अर्जुन सहनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला गंगा समिति, दरभंगा द्वारा नदियों, तालाबों, जल स्त्रोतों के संरक्षण के उद्देश के साथ नदियों, तालाबों, जल स्त्रोतों से आम जनमानस का जुड़ाव बढ़ाने हेतु घाट पर योग का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक रौशन उपाध्याय एवं शिवानी कुमारी ने ग्रीवा संचालासन, स्कंध पपसंचालासन, ताड़ासन,पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भुजंगासन, भद्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांकआसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम विलोम सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया।जिला पदाधिकारी राजीव रौशन ने सभी सम्मानित नागरिकों को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों के तट को साफ-सुथरा, स्वच्छ रखने, कूड़ा-कचड़ा एवं पॉलीथिन प्रवाहित नहीं करने,जलीय-जीवों एवं वृक्षों का संरक्षण करने, घाट पर नियमित योग करने के लिए शपथ दिलाया। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी शक्ति रंजन,अवर योजना पदाधिकारी आशीष झा,नगर प्रबंधक रवि अमरनाथ, नगर स्वछता पदाधिकारी, 08 बिहार बटालियन के एनसीसी कैडेट्स व सूबेदार, विभिन्न विद्यालय के छात्र,छात्राएं, योजना कार्यालय से मनहर मुर्मू , अभय कुमार सिंह, नेहरू युवा केन्द्र दरभंगा के स्वयंसेवक पूजा कुमारी, मुकेश कुमार झा , नंदन कुमार झा , नमामि गंगे के स्पियारहेड सदस्य परवेज आलम, संजीव कुमार, सहित सैकड़ों आम लोग उपस्थित रहे। लनामिवि दरभंगा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो० अजय कुमार पंडित ने किया।उन्होंने कहा कि योग क्रिया में योगनिद्रा के चमत्कारी प्रभाव का उल्लेख करते हुए डॉ. पंडित ने कहा कि जीवन की 60 प्रतिशत बीमारियां मानसिक तनाव से उत्पन्न होती हैं। यदि हम योग को नियमित अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो नये रोग उत्पन्न नहीं होंगे और मानसिक तनाव को कम करने में भी यह बहुत लाभप्रद सिद्ध होता है। क्र अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद ओझा, डॉ. पी .सी.मिश्रा, प्रो.मुनेश्वर यादव, अक्षय कुमार झा,मानसी, विक्रम ठाकुर, नंदनी, विशाल, साक्षी मिश्रा आदि कार्यक्रम में शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस.के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ए. पी.गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कामेश्वर पासवान ने किया। कुशेश्वरस्थान में विश्व योग दिवस के अवसर पर दोनों प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में छात्र एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी आस्था दिखाई।सूर्यमणि ग्लोबल पब्लिक स्कूल हिरणी के प्रबंधक प्रकाश चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल रूहेल्लागंज कादिराबाद में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों ने योगाभ्यास कराया गया। शिविर की शुरूआत प्राचार्य अमरनाथ साह ने किया। अलीनगर विधानसभा की मोतीपुर पंचायत के अंटौर गांव स्थित महादेव स्थान परिसर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के महामंत्री सुजित चौधरी, चंद्रमोहन कुंवर, प्रवक्त ललित मोहन मिश्र, अजीत झा, प्रभाकर झा, गंगा राम सहनी, सरपंच रामनाथ सहनी, प्रमोद मुखिया, अलीनगर संयोजक लाल मुखिया, मिथिलेश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, अनिल ठाकुर, कार्तिक कुमार आदि लोग उपस्थित थे। वही बेनीपुर, बिरौल, बहादुरपुर, केवटी में भी योग शिविर का आयोजन किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान नेता दामोदर प्रसाद सिंह की 20वीं पुण्यतिथि आयोजित

मुजफ्फरपुर।नागरिक मोर्चा , वरीय नागरिक सेवा संस्थान , जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय नया टोला श्याम नंदन रोड स्थित थियोसोफिकल लॉज के सभागार में शहर के गणमान्य लोगों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता वरीय नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी चितरंजन प्रसाद सिंह कनक ने किया। उन्होंने दामोदर प्रसाद सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण , पुष्पांजलि की एवं कहा कि उनके योगदान को समाज कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने अपने जीवन में समाज के गरीब तबकों शोषित पीड़ितोंकी सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। उन्होंने खासकर किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्षरत रहे। श्रद्धांजलि सभा का उद्घाटन माननीय पंचायती राज मंत्री बिहार सरकार केदार प्रसाद गुप्ता , चितरंजन सिन्हा कनक ,विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व नगर विकास एवं आवास मंत्री बिहार सरकार सुरेश शर्मा ,वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर संजय पंकज, डॉक्टर हरि किशोर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि दामोदर बाबू ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ,महात्मा गांधी ध्वजा प्रसाद साहू ,रामेश्वर प्रसाद शाही के साथ आजादी की लड़ाई में जो कार्य किया ,वह आदित्य और बेमिसाल है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलिमा वर्मा वर्मा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण स्मृति शेष दामोदर प्रसाद सिंह के सुपुत्र डॉक्टर हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति सदैव मातृ ,पितृ सेवा को सर्वोच्च सेवा का स्थान दिया है।

### पुलिस ने सुक्की साई फन पुल पर देशी नेपाली शराब जब्त किया

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के सुक्की साईफन पुल की दक्षणी छोड़ पर बीती रात एक वाइक चालक अपने वाइक की सीट के पीछे तीन प्लास्टिक की बोरा में 300 एमएल के 450 बोतल देशी नेपाली शराब को लेकर मधुबनी की ओर तेज गति से जा रहा था. इसी बीच गश्ती पुलिस पदाधिकारी पीएसआई जितेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिस बल की सहायता से वाइक सहित 450 बोतल देशी नेपाली शराब को जप्त कर लिया. पीएसआई जितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शराब तस्कर जब साईफन पुल पर गश्ती पुलिस पदाधिकारी पर नजर पड़ी तो शराब कारोबारी वाइक को धुमाकर वाइक को पटक कर भागने में सफल रहा.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात शराब कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया गया.इस मौके पर पुलिस बल एव ग्रामीण चौकिदार मौजूद थे.

### मलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक संपन्न

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड पंचायत समिति भवन के परिसर में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहनपासवान कर रहे थे। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय शंकर ठाकुर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रंजीत कुमार प्रसाद, लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, सीडीपीओ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, बीपीएम, जीविका, एलएस एवं पंचायत स्तर के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के बेलसंडी गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के बेलसंडी गांव निवासी तेज नारायण सिंह के पुत्र भूषण कुमार सिंह के रूप में हुई है।वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

# मानवाधिकार आयोग ने पीड़िता के किडनी प्रत्यारोपण का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को निर्देश जारी किया है। अपने निर्देश में आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता के किडनी के शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग द्वारा जारी किया गया है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का मामला है, इस मामले में बिना विलम्ब किये हुए बिहार सरकार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए पीड़ित महिला के किडनी प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए, जिससे पीड़ित महिला की जान बच सके। विदित हो कि सुनीता किडनी कांड मामले में सुनवाई करते हुए मुजफ्फरपुर के विशेष न्यायालय द्वारा दोषी डॉक्टर को सात साल की कैद और 18,000 रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है।

# उत्तर बिहार के जिलों में 22से 25जून तक बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के वरीय मौसम विज्ञानी डा ए सत्तार ने बताया कि 22-27 जून, 2024 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,सक्रिय मानसून एवं कम दबाव के प्रभाव से पूवार्नुमानित अवधि में उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों में अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है। 22-25 जून के बीच मधुबनी, गोपालगंज, सीतामढ़ी, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। सीवान एवं सारण जिलों में मध्यम वर्षा हो सकती है। 22-25 जून के बीच समस्तीपुर, बेगुसराई एवं वैशाली जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की प्रबल सम्भावना है। इस अवधि के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। दिन का तापमान 30-35 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस रहने की सम्भावना है सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में वर्षा की अच्छी संभावना को देखते हुए किसान अपने खेतों में मेड़ों को मजबूत बनाने का कार्य करें। धान की बीजस्थली में जो बिचड़े 10 से 15 दिनो के हो गये हो, खर-पतवार निकाल कर तथा प्रति एक हजार वर्ग मीटर बीजस्थली के लिए 5 किलो अमोनियम सल्फेट अथवा 2 किलो यूरिया का उपरिवेशन करें। इस अवधि में अच्छी बर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई धान की रोपनी में प्राथमिकता दें। वर्षा जल का उपयोग कर रोपनी के कार्य में प्राथमिकता दें। रोपाई पूर्व खेतों की तैयारी के समय कद्दा के दौरान मध्यम एवं लम्बी अवधि की किस्मों के लिए 30 किलोग्राम नेत्रजन, 60 किलोग्राम स्फुर एवं 30 किलोग्राम पोटाष तथा अगात किस्मों के लिए 25 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम स्फुर एवं 30 किलोग्राम पोटाश के साथ 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट या 15 किलोग्राम प्रति हेक्टर चिलेटेड जिंक का व्यवहार करें।

# एआईडीएसओ ने की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में व्याप्त भ्रष्टाचार की निन्दा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एआईडईएसओ ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में व्याप्त भ्रष्टाचार की कड़ी निन्दा करते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। इस संबंध में जारी बयान में, एआईडीएसओ के महासचिव सौरव घोष ने कहा है कि "पहले नीट, फिर नेट। दो सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और व्यापक भ्रष्टाचार फैला हुआ है, जिसके लिए लाखों छात्र और अभ्यर्थी अपने युवावस्था के महीनों, यहां तक कि कई साल खर्च करते हैं। हालांकि, एनटीए और शिक्षा मंत्रालय अभी भी नीट में हुए अनियमितताओं की गंभीरता को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, संकट की गहराई उनके इस स्वीकारोक्ति में प्रकट होती है कि प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट, जो कि एनटीए द्वारा ही आयोजित की जाती है, की पारदर्शिता से समझौता की गई है। इतना ही नहीं, सड़ांध इतनी फैली हुई है कि "परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और पवित्रता" के बहाने, परीक्षा को इसके संचालन के एक दिन बाद ही रद्द करना पड़ा और जांच का जिम्मा तुरंत सीबीआई को सौंपना पड़ा! यह कार्यप्रणाली अधिक प्रश्न उठाती है। परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के अनुचित उत्पीड़न का मुआवजा क्या होगा, जिनमें से कई छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए सैकड़ों मील की यात्रा करनी पड़ी, भारी आवेदन शुल्क और फॉर्म भरने, यात्रा और ठहरने के लिए जो राशि उन्हें खर्च करनी पड़ी? सबसे ऊपर, एनटीए की पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना रवैया, अक्षमता, और पारदर्शिता की कमी लाखों शोध और शिक्षण अभ्यर्थियों की उम्मीदों और भविष्य को खतरे में डालती है, जो बदले में पूरे शिक्षा और शोध प्रणाली को अत्यधिक अनिश्चितता के कगार पर धकेल देती है। वर्तमान माहौल में जहां व्यवसायीकरण, अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा, और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, एनटीए द्वारा तैयार की गई केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली भ्रष्टाचार के समाधान के बजाय इसके एकाधिकार की ओर ले जाती है। न केवल नीट और नेट, बल्कि एनटीए द्वारा सीयूईटी यूजी, पीजी परीक्षा का संचालन भी अत्यधिक अव्यवस्थित रहा है और कई सामान्य छात्रों को इस कुप्रबंधन के कारण पीड़ा उठानी पड़ी है। लगातार असफलताएं स्पष्ट रूप से इंगित करती हैं कि यदि हम आपदा को बढ़ने से रोकना चाहते हैं, तो छात्रों के संकट से लाभ कमाने और निरंकुश केंद्रीकृत नियंत्रण की नीति को समाप्त करना आवश्यक है। इसका पहला कदम एनटीए को समाप्त करना और विभिन्न परीक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी संबंधित सरकारी निकायों को वापस सौंपना होगा। इसके अलावा, नीट और नेट घोटालों की निष्पक्ष और ठोस जांच युद्ध स्तर पर करना और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार पूरी मशीनरी को खत्म करना अनिवार्य है। हमें उल्लेख करना चाहिए कि पर्याप्त शिक्षकों और बुनियादी ढांचे के साथ सरकारी शिक्षा व्यवस्था को पुनर्जीवित करना, और शक्तिशाली कोचिंग उद्योगों और उनके संभावित सत्ता के गलियारों के साथ संबंधों को नियंत्रित करना ही समस्या को रोकने का एकमात्र तरीका है। हम मानते हैं कि नीट योग्य छात्रों की काउंसलिंग तब तक रोक दी जानी चाहिए जब तक कि सभी आरोपों की जांच पूरी नहीं हो जाती। हम मांग करते हैं कि यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा की तारीख तुरंत घोषित की जाए और इसे स्वयं यूजीसी द्वारा ही आयोजित किया जाए।

# डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज से 24 केन्द्रों पर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना के तहत डिप्लोमा सर्टीफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 22 जून को एक पाली में तथा 23 जून को दो पाली में परीक्षा आयोजित है। इसके लिए मुजफ्फरपुर जिला में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। 22 जून को पोलिटेकनिक अभियंत्रण की परीक्षा 11 बजे पूर्वाह्न से 1:15 बजे अपराह्न तक होगी, जबकि 23 जून को इन्टरमीडिएट स्तरीय परीक्षा 11 बजे पूर्वाह्न से 1:15 बजे अपराह्न तक होगी तथा माध्यमिक स्तरीय परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 4:15 बजे अपराह्न तक होगी। स्वच्छ, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला दण्डाधिकारी, मुजफ्फरपुर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर द्वारा पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, श्री मनोज कुमार एवं अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों की ब्रीफिंग समाहरणालय सभाकक्ष में की गई तथा परीक्षा संचालन के नियमों तथा दिशा निर्देश से अवगत कराया गया।परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, कैल्कुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, मैगनेटिक वॉच, इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा वाईटनर, इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गयी है। यदि परीक्षार्थी अनियमितता या कदाचार करते हुए पाये जायेंगे तो नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया है कि वे परीक्षा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परीक्षा के अवसर पर विधि-व्यवस्था के प्रभार में रहेंगे। वे सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के इर्द-गिर्द दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 को लागू करने हेतु आदेश निर्गत करेंगे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर गश्ती कर दण्डाधिकारी को संयुक्तादेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

# कोसी प्रोजेक्ट बरदेपुर का नाम चिन्ह रसगुल्ला राजकुमार यादव का यहां मशहूर

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी अगर आप रसगुल्ला खाने के शौकीन हैं तो आप बिहार के इस शहर का नाम जरुर जानते होंगे मधुबनी ज़िला के अंतर्गत बरदेपुर जहां का रसगुल्ला सिर्फ बिहार ही नहीं पूरे देश में मशहूर है अपने लाजवाब टेस्ट के कारण।ऐसे तो बंगाल का रसगुल्ला देशभर में मशहूर है, लेकिन बिहार के मधुबनी जिला के बरदेपुर में बनने वाले रसगुल्लों से इसकी तुलना बेमानी है. बरदेपुर का रसगुल्ला साइज में इतना बड़ा होता है कि इसका नाम ही पड़ गया है "एटम बम". अद्भुत मिठास से भरपूर यह रसगुल्ला स्वाद में भी दूसरों पर हावी है. इसलिए बरदेपुर नहर का नाम जेहन में आते ही यहां के रसगुल्लों की तस्वीर उभर आती है.बिहार में नदी के तट पर बसे मधुबनी जिला के बरदेपुर अपनी लजीज मिठाइयों की मिठास के लिए बहुत मशहूर है. बरदेपुर नहर को "रसगुल्ले की नगरी" कहकर पुकारा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. मधुबनी जाने वाले रास्ते में आते हैं बरदेपुर, के रसगुल्ले की मांग बिहार के साथ पड़ोसी राज्यों और नेपाल में भी होती है.रसगुल्ले की नगरी मधुबनी बरदेपुर में हर किस्म के रसगुल्ले बनते हैं, लेकिन इन सबों में एटम बम नाम की रसगुल्ले की लोकप्रियता है. इस रसगुल्ले का साइज इतना बड़ा होता है कि एक खाने के बाद नहीं खाने वाला व्यक्ति 1 किलो कम से कम खाता है और हिम्मत जुट पाती है. स्वाद इतना शानदार की मन और खाने का करे. बरदेपुर के एटम बम रसगुल्ले की खासियत यह है कि आज भी यहां. लग्न या फिर बड़े आयोजनों में लोग ऑर्डर पर रसगुल्ला ले जाते हैं. यहां के रसगुल्ले शुद्ध छेना, बिना मैदे और पतली चासनी के बनाए जाते हैं।रसगुल्ले बनाने वाले कारीगर ने बताया कि यहां इंडो नेपाल बॉर्डर से लेकर बिहार के विभिन्न विभिन्न जगहों से व आसपास लोग यहां आते हैं।। इलाकों के पियोर दूध से छेना निकालते हैं. छेना को भरपूर फेंटा लगाया जाता है, जिस वजह से यहां के रसगुल्ले मुलायम और काफी हल्के होते हैं. बिना मैदे और पतली चासनी से इसे बनाया जाता है, जो इसे और लजीज बना देता है. यहा बड़े मिठाई की दुकानें हैं, जहां रसगुल्ला बनाया जाता है. यहां जहां रोजाना तकरीबन एक से दो क्विंटल रसगुल्ले बिकते हैं. इसे बनाने के लिए मजदूर और कारीगर भी लगते हैं. यहा के कई कारीगरों को घर रसगुल्ले के कारोबार से चल रहा है. अब जाकर के दुकान मालिक राजकुमार यादव ने अपना दुकान कुछ दिन में उद्घाटन कर लेंगे अभी फिलहाल किराए पर दुकान चला रहे है, वही संचालक गोपाल यादव बताया कि यहां का मिठाई कई सरकारी कार्यालय, या प्राइवेट संस्था शादी मुंडन या कोई ही अच्छा त्यौहार पर्व खुशी के माहौल वगैरा बहुत ही बड़े पैमाने पर हमारे यहां से मिठाई जाता है , जो कि अब पुराने दुकान के जस्ट सामने हमारे नया दुकान बंन कर तैयार है, कुछ ही दिनों में ओपनिंग होगा तो हम लोग कस्टमर को और ही फैसिलिटी दे सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर अलग-अलग जगहों पर किया योगाभ्यास

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर लोगों ने शिविर लगाकर योगाभ्यास किया। प्रखंड के महंथ रामचंद्र शरण आजाद पुस्तकालय भवन परिसर में योग समारोह का उद्घाटन पूर्व प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता लड्डू लाल वर्मा कर रहे थे। वहीं योग प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर प्रेमचंद प्रियदर्शी तथा रामाश्रय प्रसाद सिंह ने लोगों को योगाभ्यास करवाया। मौके पर रामनरेश महतो, राम प्रकाश महतो, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, शंकर महतो, अरविंद कुमार कुशवाहा आदि मौजूद थे।वहीं गंगौली मंदा पंचायत के मुखिया मनोज यादव ने पंचायत वासियों के साथ अमृत सरोवर के प्रांगण में योगा अभ्यास किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर द्वारा सभी पंचायत में योग प्रशिक्षक द्वारा ग्रामीणों को योग प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक कन्या विद्यालय कपन एवं प्राथमिक विद्यालय यादव टोल सिरसी की संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान की उपस्थिति में किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर के चिकित्सा पदाधिकारी डा अमरनाथ शर्मा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रंजीत कुमार प्रसाद, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, दोनो विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी इंदु एवं सुमन कुमारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शिल्पी कुमारी, शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार, पिंटू कुमार, विकास कुमार, उमेश शुक्ल, मो. छोटू अली, शिक्षिका हेमलता कुमारी, राधा कुमारी, एएनएम अंजू कुमारी, वीणा कुमारी, योग प्रशिक्षक अक्षय कुमार एवं विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित होकर योग अभ्यास किये।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर, परिचर्चा सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



सीतामढ़ी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सीतामढ़ी के द्वारा शुक्रवार को सीतामढ़ी के लक्ष्मी नगर स्थित भागेश्वरी बैद्यनाथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर, परिचर्चा सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चंद्र मोहन प्रसाद यादव, प्राचार्प्र, संदीप कुमार, योग प्रशिक्षक, समृद्धि सेवा संस्थान सीतामढ़ी, रतेश्वर सिंह, योग प्रशिक्षक, रीगा, सीतामढ़ी एवं जावेद अंसारी, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, सीतामढ़ी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। योग शिविर में योगाभ्यास में योग के विभिन्न आसनों का आभ्यास कराया गया और उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताते हुए संदीप कुमार, योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग जीवन के लिये अत्यंत आवश्यक है उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को योग के लाभ बताने के साथ उनसे नियमित तौर पर, परिवार के साथ योगा करने को कहा जिससे कि योगा की सकारात्मक ऊर्जा का सर्वदिशा में प्रसार हो सके। इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी ने कहा कि 10 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का इस साल का थीम है स्वय एवं समाज के लिए योग` अतः लोगों में जागरूकता लाने के लिये पूरे भारत वर्ष में भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम किया गया है । इस कार्यक्रम में योग आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं जैसे काजल कुमारी, प्रिंस राज प्रसाद, आयुष कुमार, स्नेह लता, जयप्रकाश आदि को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन ग्यास अख्तर ने किया एवं कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सीतामढ़ी के अर्जुन लाल, संजय कुमार आदि उपस्थित थे ।

# राजद ने बीजेपी को बताया आरक्षण विरोधी, कहा- 9वीं अनुसूची को लेकर जारी रहेगा संघर्ष

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार सरकार द्वारा विगत वर्ष आरक्षण की सीमा को 50% से बढ़ा कर 65% कर दिया गया था। कल पटना हाईकोर्ट द्वारा इसे रद्द कर दिया गया। जिसके बाद विपक्ष सरकार पर हमलावार है। शुक्रवार को राजव्यापी कार्यक्रम के तहत युवा राजद द्वारा कपूर्री आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय से स्टेडियम गोलंबर तक प्रतिरोध मार्च निकाल कर इसको नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गयी। मौके पर एक प्रतिरोध सभा भी आयोजित की गयी। अध्यक्षता युवा राजद के जिला प्रधान महासचिव मो. आफताब आलम विक्की, संचालन युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मो. राजा तथा धन्यवाद ज्ञापन समस्तीपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने की। वक्ताओं ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के कार्यकाल में आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया था उस पर जो रोक लगी वो दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे फैसले सामाजिक न्याय के मंजिलों को हासिल करने में फासले बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें याद है तमिलनाडु को बहुत वर्ष संघर्ष करना पड़ा था। हम भी करेंगे। हमको पहले से शक था कि बीजेपी के लोग आरक्षण के विरोधी हैं। राजद जब सरकार में थे तो तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पहल पर जाति आधारित गणना हुई, आरक्षण बढ़ाया गया। तेजस्वी यादव ने बार-बार भारत सरकार से आग्रह किया है कि इसे 9वीं अनुसूची में डाल दिया जाए ताकि सुरक्षित रहे। लेकिन केंद्र सरकार ने इसे नहीं डाला। पता नहीं क्यों सीएम नीतीश चुप हैं। राजद की यह स्पष्ट राय है कि एक सर्वदलीय कमेटी पीएम मोदी से जाकर मिले और मिलकर 9वीं अनुसूची में डलवाने का काम करे। हम चाहते हैं वंचित समाज को अधिकार मिले। हमने यह लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे। अगर बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं गई तो राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीम कोर्ट जाएगी। 9वीं अनुसूची को लेकर राजद का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, प्रवक्ता संजय नायक, जिला उपाध्यक्ष रामविनोद पासवान, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. सूरज दास, प्रदेश महासचिव विजय कुशवाहा, कार्यालय सचिव रोशन यादव, युवा राजद के जिला प्रधान महासचिव मो. माहताब आलम विक्की, मो. आसिफ इकबाल, समस्तीपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, रजनीश यादव, छात्र राजद के प्रदेश महासचिव मुकेश यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष सरायरंजन मो० राजा, नैयर आजमी कैफी, मजहर आलम, मो. जाहीद, विश्वनाथ गुप्ता, अमित कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बेनीपट्टी न्यायालय परिसर में योग दिवस का आयोजन

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार दिनांक 21 जून 2024 को अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी के बैनर तले व्यवहार न्यायालय बेनीपट्टी परिसर में योग दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं न्यायालय के न्यायिक कर्मचारी ने योग किया। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अध्यक्ष अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी रंजीत कुमार सोनू ने योग से होने वाले फायदे के बारे में सभी न्याय कर्मियों, पदाधिकारी को बताया की नियमित योग से हम कई सारी बीमारियों से बच सकते हैं। योग हमारे दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा है' इस अवसर पर सचिव सह मुंसिफ अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी जयप्रकाश वर्मा व्यवहार न्यायालय प्रभारी प्रशासन राजकुमार गुप्ता,अशोक कुमार, कुंदन बैठा, अर्जुन कुमार, विक्की कुमार,सत्रुधन यादव, पवन कुमार साह,राजेश कुमार, सुमित कुमार, हर्ष,संतोष,प्रभात, विजय, सिवेंद्र सिंह,गौरव साथ लोक अदालत के मो सलमान,दीपक कुमार महतो एव अन्य न्याय कर्मी उपस्थित थे।

# कंहौली बेला कोठी मनियरवा गांव के पास मुख्य सड़क पर जल जमाव

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के लाइफ लाइन जाने वाली खजौली संतु चौक से कंहौली लोहिया चौक जानी वाली मुख्य सड़क पर कबाड़ी दुकानदार रघुनी सहनी द्वारा ग्राम पंचायत ईनरवा द्वारा निर्माण नाला निर्माण पर कबाड़ी दुकानदार द्वारा समान खने से मुख्य सड़क पर जमाव की समस्या उत्तपन्न हो गया है.इस मुख्य सड़क पर दो से तीन फीट जल जमाव होने से सैकड़ो आम राहगीर को दो चक्का,चार चक्का,साइकिल सवार एव पैदल जाने वाले व्यक्ति को भारी परेशानी खेलनी पड़ती है. वही प्रखंड़ क्षेत्र के कंहौली पंचायत में कंहौली चाफी गांव स्थित तिनमुहानी चौक से पश्चिम जाने वाली रोड न. 55ए पर सीताराम महतो द्वारा मुख्य पक्की सड़क पर मिट्टी की बांध बनाने से सड़क पर तीन फीट जल जमाव हो गया है. वही हरीशवारा चौपाल टोला जाने वाली तीनमुहानी चौक प्रधानमंत्री मुख्य सड़क पर लाल मंडल एव अन्य व्यक्ति द्वारा सड़क पर मिट्टी की बांध बनाकर जल निकासी की घेराव करने से मुख्य सड़क पर तीन फीट जल जमाव की समस्या उत्तपन्न हो गयी है. वही सराबे पंचायत के शराबे गांव स्थित बरही टोला में मुख्य सड़क पर दोनों साइड सड़क के किनारे बसे लोगो द्वारा सड़क को अतिक्रमण करके मिट्टी की बांध बनाने से जल जमाव जैसी समस्या उत्तपन्न हो गया.इस जल जमाव की समस्या को लेकर दर्जनो ग्रमीण लोगो द्वारा बीडीओ लवली कुमारी से मिलकर लिखित शिकायत की. जल जमाव समस्या को लेकर बीडीओ ने मुखिया व पंचायत सचिव को दिया निर्देश।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 22 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### लोग ने एकजुट होकर किया योगाभ्यास

जमुई [ झाझा ] शहर से लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। रेलवे चांदवारी मैदान, मेमूकारशेड सहित कई स्कूल एवं अन्य कई जगह योग दिवस पर लोग एकजुट हुए और योग से जुड़ी कई व्यायाम योगाभ्यास के माध्यम से किया गया। मेमूकारशेड में सीनियर डीईई संजीव कुमार, एडीईई संतोष एक्का, भारतभूषण प्रसाद, विनोद कुमार झा, दीपक कुमार, अशोक कुमार, संजय कुमार सिंह अन्य कई रेलकर्मी योगाभ्यास किया। सीनियर डीईई ने बताया कि योग न सिर्फ शरीर को निरोग बनाती है बल्कि मन को स्थिर रखता है। वही रेलवे चांदवारी मैदान में आयोजित योगाभ्यास में बड़ी संख्या में महिला, बच्चे, युवा, बुर्जुग जुटे और योग प्रशिक्षक धर्मेद्र कुमार के बताए गए योग के नियमों को अपने जीवन में प्रत्येक दिन करने का प्रण लिया।

# क्षतिग्रस्त परमनियां डेम कैनाल को सांसद ने लिया संज्ञान

## विधायक प्रत्याशी संजय कुमार मंडल ने किया पहल , संबंधित अधिकारियों को दी गई टास्क

प्रात : किरण, संवाददाता

सोनो जमुई - सोनो प्रखंड के बेलम्बा पंचायत अंतर्गत तकरीबन चार पंचायत में बसने वाले किसानों के खेतों में सिंचाई से वंचित रखने वाले छतिग्रस्त परमनियां डेम कैनाल की पुनः निर्माण कार्य की जानकारी जमुई सांसद अरुण भारती को दी गई । जमुई समाहरणालय के संवाद कक्ष में आयोजित दिशा की बैठक में उक्त डेम की छतिग्रस्त केनाल को दुरुस्त कराने को लेकर चकाई विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी सह लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय कुमार मंडल




ने नव निर्वाचित सांसद अरुण भारती को दी । इस संबंध में जानकारी देते हुए सोनो प्रखंड के सरधोडीह गांव निवासी सह लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय कुमार मंडल ने बताया कि उक्त डैम केनाल निर्माण की जानकारी सांसद महोदय को देने पर उन्होंने अविलंब इसे संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण करने एवं कार्य को अतिशीघ्र आगे बढ़ाने का टास्क दिया । श्री मंडल ने आगे बताया कि दिशा की बैठक में हमारे द्वारा उठाए गए जनहित की मुद्दे पर सांसद अरुण भारती ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लाभान्वित किसानों को पटवन के लिए अत्यधिक सुविधा होगी तथा इसी प्रकार के बुनियादी कार्यों को करने से आम जनों को फायदा होगा । ज्ञात हो कि संजय कुमार मंडल के द्वारा उठाए गए इस पहल पर सांसद श्री भारती ने उन्हें धन्यवाद दिया । बताते चलें कि अपनी खेतों में पटवन के लिए छतिग्रस्त परमनियां डेम केनाल की बाट जोह रहे सेंकड़ों किसानो ने संजय कुमार मंडल के द्वारा किए गए इस पहल के बाद किसानों में आस जगी हे । वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने सांसद अरुण भारती के साथ साथ संजय कुमार मंडल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है ।

# प्रशांति सेवा एवं कुमरसार कांवरिया सेवा को लेकर साईं समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। बीते गुरुवार की देर शाम गिद्धौर के एक निजी भवन में श्री सत्य साईं सेवा समिति गिद्धौर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया की श्री सत्य साईं बाबा के आश्रम प्रशांति निलयम में सेवा देने के लिए जमुई जिला से सेवादल की टोली सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिए सभी साईं भक्तों को निर्देशित किया गया है। वहीं सावन के पावन महीने में सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम जाने के रास्ते में कुमरसार स्थित श्री सत्य साईं बाबा के सेवा आश्रम में कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जमुई जिला की टोली 25 जुलाई से 27 जुलाई तक कांवरियों को सेवा देगी और 28 जुलाई को वापसी होगी। जिसमें जमुई जिला संगठन के अंतर्गत गिद्धौर, झाझा एवं कन्हाईफरका समिति के सेवादल हिस्सा लेंगे। उक्त बैठक में संगठन के बिहार प्रदेश आईटी कॉर्डिनेटर सुशांत साईं सुंदरम,जमुई जिला आध्यात्मिक प्रभारी योगेश कुमार,गिद्धौर समिति कन्वेनर पवन कुमार,आध्यात्मिक प्रभारी बलराम साह, युवा प्रभारी रितेश कुमार अध्ययन केंद्र प्रभारी मुकेश कुमार सहित गिद्धौर समिति के अन्य सेवादल व साईं भक्त इस बैठक में मौजूद रहे।

# 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूलों में योग शिविर का हुआ आयोजन, करे योग रहे निरोग:पूनम सरकार



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर । प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित शिविर में योग प्रशिक्षक सह शिक्षिका पूनम सरकार द्वारा स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वीरभद्रासन,तड़ासन,वृक्षासन, मरकटासन,शीर्षासन कराया।इस अवसर पर योग शिविर के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए योग प्रशिक्षक पूनम सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से चला आ रहा योग पद्धति को आगे बढ़ाने का कार्य हम सब कर रहे है। ये हमारे देश के सभ्यता और संस्कृति का अहम हिस्सा है। आज पूरा विश्व भारत से शारीरिक और मानसिक स्वस्थ के लिए सिख रहा है। जो हम भारतीय के लिए गर्व का बात है। भारत को योगगुरु से विश्वगुरु के सफर में हम सब साथ है।वही योग के माध्यम से मस्तिष्क व शरीर के सारे विकारों को दूर किया जा सकता है,योग पद्धति के द्वारा असाध्य से असाध्य रोगों का पुरे विश्व में आज ईलाज किया जा रहा है। वर्तमान समय में भागदौड़ भरी इस आधुनिक जीवन शैली में स्वस्थ्य सुंदर शरीर के लिये योग को जीवन में अपनाना वर्तमान समय की मांग है। वहीं युवा योग प्रशिक्षक नीलम केशरी ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर के माध्यम से छात्राओं को योग साधना की जानकारी दी जा रही है, ताकि व्यस्त जीवन शैली में लोग प्राचीन योग विद्या के विभिन्न प्राणायामों की जानकारी ले अपने शरीर को स्वस्थ्य रख सकें। इस अवसर पर योग शिविर में अर्पणा राज,निशा भारती,रूबी कुमारी,तनिषा कुमारी,बबीता कुमारी,प्रीति सिंह,राजेन्द्र यादव,पंकज मालवीय के अलावे दर्जनों छात्र-छात्राओं इस अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में भाग ले रहे थे।

# करे योग रहे निरोग पे लोगों ने लिया संकल्प

## कई पंचायतों मे अमृत सरोवर के किनारे लोगों ने किया योगाभ्यास

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को अलीगंज प्रखंड में कोदवारिया पंचायत में पंचायत रोजगार सेवक रघुनंदन यादव,इस्लामनगर पंचायत मे मनोज कुमार, कैयार पंचायत मे मृत्युंजय कुमार ,सहोड़ा पंचायत मे निखत रूबाना पुरसंडा में महात्मा गांधी नरेगा से बनाए गए अमृत सरोवर (तालाब) स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि सहित बुजुर्ग, महिलाओं एवं युवाओं ने योग के आसन, प्राणायाम करते हुए योग के अमृत से सराबोर हो गए। इस दौरान सभी ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी लिया। स्थानीय योग प्रशिक्षकों ने कहा कि जीवन में योग से निरोगी काया रहती है, इसलिए प्रतिदिन योग को दिनचर्या में शामिल करें। वहीं पीएमओ असलम हुसैन ने बताया कि 21 जून को 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से बनाए गए अमृत सरोवर किनारे ग्रामीणों, जॉबकार्डधारी परिवारों, जनप्रतिनिधियों




ने योग किया। अमृत सरोवर किनारे योग करने से प्रकृति से सीधे जुड़ाव होता है और इस बार योग को गांव-गांव के हर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पाते हैं, ऐसे में योग ही है जो जीवन को संतुलित रखने में मददगार है। योग हमारी मानसिक शक्ति को बढ़ाता है, जिससे मन शांत रहता है। इसलिए जरूरी है कि प्रतिदिन कुछ समय निकालकर योग अवश्य करें। इसी क्रम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोदवरिया पंचायत अमृत सरोवर किनारे मुखिया प्रतिनिधि अशोक सम्राट,संजय कुमार पंचयात रोजगार सेवक रघुनंदन यादव,वहीं इस्लामनागर मे पंचयात रोजगार मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार, बिपिन कुमार, रोहित कुमार,योगाभ्यास प्रणायाम कराया गया। इसके पुरसंडा पंचायत में,सहोड़ा पंचायत मे, कैयार पंचायत के अमृत सरोवर के किनारे भी योग दिवस मनाया। अमृत सरोवर तालाब गहरीकरण सह पचरी एवं इनलेट व आउटलेट निर्माण कार्य के दौरान योग दिवस की गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों, श्रमिकों ने योग अभ्यास किया। वहीं अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद् मे भी सभी उपस्थित कर्मियों एवं कई स्कूलो मे सामूहिक रूप से योग अभ्यास किये गये।

# अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने केंद्र पर काटा बवाल




प्रात : किरण, संवाददाता

नरपतगंज/अररिया। बसमतिया बाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बरती जा रही घोर अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने केंद्र पर बवाल काटा।ग्रामीणों का आरोप था कि केंद्र पर न तो चिकित्सक रहते है न ही नर्स। प्रसव को लेकर जो महिला स्वास्थ्य केंद्र पर आती है तो उसे बहाना बनाकर के प्रसव के लिए अन्यत्र भेज दिया जाता है। साथ ही साथ दवाई के नाम पर अवैध वसूली को लेकर भी ग्रामीणों ने खूब बवाल काटा।बताते चले कि सभी स्वास्थ्य कर्मी प्राइवेट मकान लेकर रहते हैं ,ऐसे में रात में आये एमरजेंसी मरीजो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।समाजसेवी प्रेम सागर उर्फ. सुशील कुमार का कहना है की यहां स्वास्थ्य उपकरण की कमी है एवं प्रवेश शुल्क तथा पानी चढ़ाने के नाम पर रुपए की अबैध वसुली की जाति है । कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित केंद्र की जांच होनी चाहिए और साथ ही लापरवाही में संलिप्त स्वास्थ्य कर्मियों को दंडित किया जाना चाहिए।

# सीआरपीएफ कैंप में मनाया योग दिवस



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/बरहट। शुक्रवार को मुख्य अतिथि संदीप सिंह, उप महानिरीक्षक, रेंज मुजफ्फरपुर, टैक जमुई एवं जोगेन्द्र सिंह मौर्य, कमाण्डेन्ट 215 बटा० के नेतृत्व में कैम्प परिसर पुलिस लाईन, मलयपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संदीप सिंह, उप महानिरीक्षक, रेंज मुजफ्फरपुर, टैक जमुई ने अपने संबोधन में बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 10वाँ संस्करण है,

योग मानव जीवन में अहम योगदान रखता है। योग करके न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, बल्कि स्वयं को शांत भी रखा जा सकता है, योग के कई दूरगामी लाभ है जिनके नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है, योग मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है और तनाव को कम करता है एवं जीवन की चुनौतियों के बीच आंतरिक शांति की भावना पैदा करता है। योग ध्यान, आत्म-जागरूकता और करूणा को प्रोत्साहित करता है, भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान के तहत देश के सभी लागों को स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। भारत सरकार का मुख्य उदेश्य है

कि भारत एक स्वस्थ एवं सबल राष्ट्र बनें लेकिन आजकल की भाग दौड वाली जिदंगी में लोगों को खुद को फिट रखने के लिए समय ही नही होता है। यदि आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं तथा स्वस्थ रहना चाहते है तो प्रत्येक दिन योग को अपने जीवन में शामिल करें, योग करके स्वयं को स्वस्थ रखे। इस कार्यकम में मनोज कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी), सुरेन्द्र सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), रमेश कुमार (उप कमा०), दिनेश चन्द बदौनिया सहा०कमा0, 215 बटा०, तथा अधिनस्थ अधिकारी व जवानों एवं परिवार के सदस्यों के साथ-साथ स्थानिय नागरिकों ने भी भाग लिया। अन्त में जोगेन्द्र सिंह मौर्य, कमाण्डेन्ट-215 बटालियन ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

# महिमा कांसेप्ट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों को योग व ध्यान कराया



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- अलीगंज प्रखंड के महिमा कांसेप्ट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को स्कूल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिमा कांसेप्ट स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार के द्वारा सभी बच्चों को आसन, प्राणायाम करते हुए योग अभ्यास कराया गया, वहीं स्कूल के डायरेक्टर ने सभी बच्चों को योग के बारे मे जागरूक करते हुए उनके फायदे बताते हुए कहा की योग करने से न तन बल्कि मन भी शुद्ध होता है।शरीर मे तनाव कम करता है,,योग हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है, जीवन में योग से निरोगी काया रहती है, इसलिए प्रतिदिन योग सभी को करना चाहिए, भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पाते हैं, ऐसे में योग ही है जो जीवन को संतुलित रखने में मददगार है। योग हमारी मानसिक शक्ति को बढ़ाता है, जिससे मन शांत रहता है। वहीं कई स्कूलों एवं स्वास्थ्य केंद्रो मे भी योगा अभ्यास कराते हुए कहा की सभी को अपने स्वास्थ्य एवं शरीर की आयु बढ़ाने के लिए योग बहुत लाभदायक एवं जरूरी है सभी लोगो को प्रतिदिन कुछ समय निकालकर योग अवश्य करें। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक सहित दर्जनों छात्र छात्राएं सहित लोग उपस्थित थे।

# बैठक- पतसंडा पंचायत में ग्रामसभा का आयोजित कर मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट तहत योजनाओं का किया गया चयन

- मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में कार्य योजना के संधारण व रूपरेखा को ले किया गया ग्रामसभा का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड के पतसंडा पंचायत के पंचायत भवन में मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट के तहत ग्रामसभा आयोजित कर विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया।ग्रामसभा को लेकर अपर मुख्य सचिव पंचायती राज्य विभाग के पत्रांक 5249/24 एवं जिला पंचायत राज्य कार्यालय जमुई के ज्ञापांक 651/24 तथा प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी के ज्ञापांक 127/24 के आलोक में शुक्रवार तिथि निर्धारित की गई थी।मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट के तहत योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया।जानकारी के अनुसार पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत व गांवों के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को विकसित करने का निर्णय लिया है।इसके तहत पंचायतों की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए पंचायतों को विकास की कार्ययोजना को तय किया।मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट के माध्यम से पंचायत विकास कार्य की रूप रेखा तैयार की जाएगी।वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत विकास कार्यों के धरातल पर संधारण को ले आगामी बजट के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया।मौके पर ग्राम सभा में मौजूद पंचायत सचिव दीपक कुमार चौधरी एवं मुखिया ललिता देवी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं इस ग्रामसभा के मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना पंचायत के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।इसमें सात निश्चय पार्ट-2 योजनाएं शामिल होगी।वही वृद्धा पेंशन,पीएम आवास योजना,मनरेगा योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों एवं वार्ड सदस्यों को दी गई। इस अवसर पर मुखिया ललिता देवी पंचायत सचिव दीपक कुमार चौधरी,पंचायत सेवक श्रवण कुमार, कार्यपालक सहायक दीपक कुमार रोजगार सेवक रमेश भारती पतसंडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव(पिंकू) राकेश कुमार,पिंकी देवी,सुभाष रविदास,मनोज यादव,रीतेश कुमार दास,अशोक राम,शंकर यादव,मथुरा मिस्त्री,दिनेश साव,महेश रावत,अजीत ठाकुर सहित संबंधित पंचायत के कई वार्ड सदस्य व ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

# रूपए के विवाद पर दामाद को ससुर, साला एवं अन्य लोगों ने कि मारपीट



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पत्नी के द्वारा कर्जदार को देने वाले रूपए लेकर अपने मायके चले आने पर पति के द्वारा पत्नी से रूपए मांगे जाने पर ससुराल वालों ने अपने दामाद के साथ मारपीट कि घटना को अंजाम देते हुए घायल कर दिया। घायल की पहचान सोनो थानाक्षेत्र के पैरा मटियाना गांव निवासी राजीव दास के रूप में हुई है। जिसका इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। घायल ने बताया कि मै कर्ज का रूपए एक व्यक्ति को देने के लिए तीस हजार रूपए पत्नी को देकर कोलकाता चला गया था जिसके बाद मेरी पत्नी लक्ष्मी देवी और सास वह रूपए, जेवर लेकर अपने मायके झाझा थानाक्षेत्र के सुंदरीटांड गांव चला आया जिसके बाद मुझे पता चला कि कर्ज का रूपए मेरी पत्नी नही दिया। जिसके बाद मै अपने ससुराल आया और पत्नी से पूछताछ करते पत्नी के साथ डांट फटकार किया तभी मेरा ससुर जर्नादन दास, साला संतोष दास और एक तेलियाडीह गांव के रहने वाले अजय दास ने मारपीट किया और मुझे घायल कर दिया। वही घटना की जानकारी पीड़ित के द्वारा थाना में देने की भी बात बताया।

# अलौली हाई स्कूल फील्ड को स्टेडियम निर्माण करने को लेकर किया प्रदर्शन, किया योगाभ्यास

प्रात : किरण, संवाददाता

अलौली। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के बैनर तले अलौली हाई स्कूल फील्ड को स्टेडियम बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया।

श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलौली हाई स्कूल फील्ड ऐतिहासिक मैदान है जहां कोलकाता के मोहन बागान एवं अलौली के राजेंद्र टीम के खिलाड़ी फुटबॉल मैच खेल चुके हैं। बिहार सरकार के द्वारा सभी प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण की घोषणा के आलोक में अलौली हाई स्कूल फील्ड स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त है। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है किसी भी वक्त दुर्घटना की संभावना हो सकती है ऐसी स्थिति में एन ओ सी देकर भवन को हटाकर उक्त जमीन का उपयोग करते हुए स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण करने की जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार से मांग किया है। श्री यादव ने कहा कि यदि स्टेडियम निर्माण नहीं



किया जाएगा तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होंगे।

वहीं श्री यादव ने कहा कि यदि स्टेडियम का निर्माण, समतल मैदान, कुशल कोच एवं बेहतर माहौल मिलेगा तो अलौली के युवाओं का खेल प्रदर्शन प्रतिभा देश भर में लोकप्रियता हासिल करेगा व नाम रोशन करेगा।

आंदोलन में फरकिया मिशन के सचिव लालमणि सदा, नागो यादव, अनीता देवी, अनिल महतो, खिलाड़ी प्रिंस कुमार राजा कुमार , एथलीट अविनाश कुमार विशाल कुमार गुलशन कुमार नीतू कुमार हजारी कुमार पप्पू कुमार मनोरंजन कुमार मिशन कुमार दौलत कुमार पंकज कुमार नयन कुमार अनीता देवी अनिल कुमार महतो राजेश कुमार आदि ने भाग लिया।

इधर, फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में योग दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा करें योग, रहें निरोग, योग करेंगे, रोज करेंगे, नारों के साथ योग अभ्यास किया गया। एवं योग दिवस पर योग का महत्व एवं हमारी भूमिका विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें दर्जनों योग प्रतिभागियों ने भाग लेकर विभिन्न योग किया तथा योग के महत्व एवं निरोग होने का गुर सीखें। प्रिंस कुमार राजा कुमार आदि दर्जनों खिलाड़ियों ने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं मन हेतु योग एवं स्टेडियम का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इसे हम अभ्यास व आंदोलन के बल पर लेकर रहेंगे।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, घायल पांच लोगों में एक की स्थिति नाजुक

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पुरानी रंजिश को लेकर थानाक्षेत्र के ताराकुरा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गया जिसे घायलों के परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां सभी घायलों का इलाज चिकित्सक के द्वारा किया गया। एक पक्ष से घायल की पहचान सेमुल अंसारी और उसकी पत्नी सबीना खातुन तो दूसरे पक्ष से घायल की पहचान अब्दुल फिदा, गफ्फार अंसारी और वाहव अंसारी के रूप में हुई है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल सेमुल अंसारी को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण स्थिति नाजुक देख डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल सेमुल के भाई आफताब अंसारी ने बताया कि बीते मई माह में मेरे भाई की पत्न



ी के साथ कासिम अंसारी ने छेड़छाड़ किया जिसका आवेदन थाना में दिया गया तो पुलिस उसके खोजबीन में जुट गए। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोग केस उठाने की धमकी दिया और कहा कि केस नही उठाया तो जान मार देगें। इसी बात को लेकर कासिम,वहाव, गफ्फार,जब्बार, फिदा हुसैन और इलियास ने मारपीट करते हुए मेरे भाई के सिर पर लाठी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से घायल के परिजन कासिम अंसारी ने बताया कि मेरे जमीन को सदाबुल अंसारी, फारूक अंसारी, मुर्तजा अंसारी और नियामत अंसारी कब्जा कर रखा है जिसका पंचायती भी हुआ। मारपीट करने के लिए वे लोगों ने मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ किया था तो उसका 1 मई को प्राथमिकी दर्ज कराया था। इसी बात को लेकर वे लोग शुक्रवार को मारपीट किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 22 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

छपरा ' सोशल मीडिया पर महिला के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाला युवक को साइबर थाना को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है ' पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गत 16 मई को रूपक कुमार ऊर्फ दीपेश कुमार द्वारा एक महिला के अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था ' मुख्यालय स्थित साइबर थाना ने इस मामले में कांड संख्या 157 /24 दर्ज कर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की जा रही थी ' एसपी कार्यालय के अनुसार गत 20 जून को इस मामले में नामजद अभियुक्त रूपक कुमार उर्फ दीपेश कुमार उम्र 28 वर्ष पिता स्वर्गीय उपेंद्र सिंह ग्राम बगौछिया थाना जनता बाजार जिला सारण को साइबर थाना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ' इन अपराधियों की रफ्तार करने में पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष श्री अमन, पुलिस और निरीक्षक निरंजन कुमार एवं साइबर थाना कर्मी शामिल थे

### सिवान की सांसद का एकमा में हुआ जोरदार स्वागत

एकमा - पटना से सिवान जाने के दौरान छपरा सिवान के मुख्य सड़क के एकमा चट्टी पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थकों के द्वारा सिवान के जदयू सांसद विजया लक्ष्मी व पति सह जिरादेई के पुर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा का फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद ने कार्यकताओं व समर्थको का आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश एवं राज्य हित में संगठन को और मजबूत करनें के लिए आह्वान किया। इस मौके पर राज बल्ब सिंह कुशवाहा सुनील कुशवाहा रघुवीर यादव राम विचार मांझी गणेश प्रसाद अशोक प्रसाद मुखिया ओम सिंह प्रकाश कुशवाहा मिथलेश कुमार सिंह तेजनरायण सिंह जदयू नेता

### इसुआपुर में चहक कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

इसुआपुर । बीआरसी परिसर इसुआपुर में चहक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकुमार सिंह, प्रशिक्षक वीरेंद्र साह तथा निशा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीईओ ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाना है। साथ ही बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्सुकता को जगाने तथा विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना है। इस मौके पर प्रशिक्षु इंदिरा राजेश, वकील शर्मा, शैलेश कुमार, शोभा कुमारी, भारती कुमारी, पवन सिंह व अन्य थे।

### योग से स्वास्थ्य जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है : हीरालाल यादव

एकमा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एकमा ब्लॉक के खेल के मैदान में योगा अभ्यास किया गया। इस दौरान योगा अभ्यास के ट्रेनर हिलाल यादव ने कहा कि योग का मुख्य उद्देश्य शारीरिक मानसिक और आत्मिक लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करता है। और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है योग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है ।अगर कोई व्यक्ति प्रतिदिन सुबह एक घंटा योग करता है तो उनकी तन व मन दोनों स्वास्थ्य रहेगी। इस मौके पर अरविंद सिंह पंकज सिंह बसंत सोनी मनोज यादव संतोष पाठक पम्मी सोनी संतोष पंडित पवन गुप्ता आदि सामिल थे ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग से निरोग रहने की योगाभ्यास में दी जानकारी

बनियापुर ।प्रखंड के कई समाजिक संगठनों सहित कई विद्यालयों मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जहा योग से निरोग रहने के लिए कई अय्यामो के माध्यम से योगाभ्यास कराया गया,जिससे शरीर मे होने वाली कई विकारो,रोगो के निवारण के गुण इस पद्धति से योग करने पर हो जाता है ।विद्यालयों मे शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को सुबह मे विद्यालय के प्रांगण मे शारीरिक ,मानसिक रूप से चुस्त दुरुस्त स्वस्थ रहने के लिए कई तरह के योगाभ्यास कराए गए,मध्य विद्यालय हरपुर ,मध्य विद्यालय कराह दरगाही टोला मध्य विद्यालय बंगाली भिट्ठी मध्य विद्यालय बनियापुर बालक कन्या मध्य विद्यालय बनियापुर मध्य विद्यालय सारेया मध्य विद्यालय मझौली मध्य विद्यालय नादौवा मध्य विद्यालय रामधनाव मध्य विद्यालय सरेया हल्दी टोला मध्यविद्यालय नंदलाल टोला पिठौरी मध्य विद्यालय सहाजितपुर सहित प्रखंड के सभी निजी एव सरकारी विद्यालयों मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

# पटना उच्च न्यायालय का फैसला आरक्षण खत्म करने के विरोध में प्रति जलाकर किया विरोध सभा

## 65 प्रतिशत आरक्षण पर पटना उच्च न्यायालय का फैसला वंचित तबके के साथ अन्याय: आइसा

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा सदर। शुक्रवार को छपरा सिविल कोर्ट के मेन गेट पर आइसा ने बीते कल आए पटना उच्च न्यायालय के 65% आरक्षण खत्म करने के फैसले का विरोध उसकी प्रति जलाकर किया और कहा की अधिक भागीदारी वाले और कमजोर समाज के आरक्षण को खत्म करना मजदूर-किसान, शोषित-वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र से दूर करना है, तर्क देते हुए कहा की दक्षिण भारत के कई राज्यों में जरूरत के हिसाब से इस प्रकार के आरक्षण हैं तो फिर बिहार में क्यू नही। आइसा नेताओं ने बिहार में महागठबंधन की सरकार द्वारा दलित-वंचित समुदाय के आरक्षण की सीमा को 65% करने के निर्णय को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने को वंचित समुदाय के प्रति घोर अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि वंचित समुदाय के आरक्षण पर हो रहे संगठित हमले व उसे कमजोर किए जाने के इस दौर में महागठबंधन की सरकार ने जाति आधारित जनगणना के आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी किया था, जो बिल्कुल न्याय संगत था. उच्च न्यायालय को यह समझना चाहिए था कि आरक्षण विस्तार का फैसला बहुत ही ठोस आधार पर किया गया था। भाजपा तो शुरू से ही जाति गणना की विरोधी रही है. बिहार की सत्ता हड़प लेने के बाद वह 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द करवाने के लिए काफी सक्रिय रही है. जाति गणना के खिलाफ उसके ही लोग न्यायालय में गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि 10 प्रतिशत असंवैधानिक सवर्ण आरक्षण को तो हमारी न्याय व्यवस्था ने सही साबित कर दिया लेकिन दलितों-वंचितों के पक्ष में आरक्षण विस्तार को असंवैधानिक बता रही है. यह बहुत हास्यास्पद तर्क है। आज एक बार फिर साबित हो गया है कि जब तक भाजपा है, हमारा संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण खतरे में है। इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ बिहार सरकार से हमारा आग्रह है कि वह तत्काल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाये और दलित-वंचित समुदाय के आरक्षण में हुए विस्तार की रक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए।

# पूरे जिले में भाजपा कार्यकताओं ने मनाया योग दिवस

## बच्चे एवं युवाओं को स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है योग : अरूण कुमार



● योग से शारीरिक शक्ति के साथ-साथ एक स्वस्थ स्वच्छ समाज का निर्माण होता है - रणजीत कुमार सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के प्रत्येक मंडल विभिन्न स्थानों पर प्रभावित तरीके से योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारीयों के साथ-साथ आम जनमानस ने भी बड़ी संख्या में योग शिविरों में सम्मिलित होकर योग से स्वस्थ होने के गुण सीखें इसी उपलक्ष्य में छपरा नगर में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं जिला अध्यक्ष पदाधिकारीयों हेतु छपरा के कटरा एसडीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में योग गुरु गोविंद जी महाराज के सानिध्य में एवं पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया योग शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि योग से शारीरिक शक्ति के साथ-साथ स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण होता है पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आज के दूषित वातावरण को स्वस्थ एवं स्वच्छ योग द्वारा ही बनाया जा सकता है पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं कि मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए योग आवश्यक योग द्वारा ही एक स्वस्थ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है आज के आयोजित योग शिविर के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी एवं लोकसभा संयोजक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह,महामंत्री विवेक कुमार सिंह ,धर्मेंद्र कुमार साह, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह ,कार्यालय मंत्री अधेंदू शेखर , निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, आशुतोष पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 47वीं वाहिनी में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। 21 जून 2024 को भारत-नेपाल सीमा स्थित 47वीं वाहिनी के परिसर एवं समस्त समवायों में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट विकास कुमार, उप कमांडेंट दीपक कृष्ण, उप कमांडेंट, आगले प्रियदर्शन अरुण, अधिकारीगण एवं अन्य बल कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6:00 बजे हुई, जिसमें प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। योग सत्र में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन और शवासन जैसे अनेक आसनों का अभ्यास किया गया। इसके अतिरिक्त, प्राणायाम और ध्यान के सत्र भी आयोजित किए गए, जिनसे उपस्थित सभी कर्मियों ने मन और शरीर को स्वस्थ रखने की कला सीखी। वाहिनी के कमांडेंट ने इस अवसर पर बल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक शांति का भी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से हमारी शारीरिक क्षमता और मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है, जो हमारे दैनिक कार्यों में सहायक होती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बल कर्मियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योग का अभ्यास करेंगे और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितों द्वारा शांति और स्वास्थ्य की कामना के साथ हुआ। यह आयोजन बल कर्मियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार करने में सफल रहा।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया योग-शिविर



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत विकास परिषद के छपरा शाखा ने स्थानीय महात्मा गांधी शिशु पार्क में प्रातः 7:00 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया ।इस अवसर पर डॉ आशुतोष कुमार दीपक (ऊैल्ल३२३) ने योग के कई आसनों को उपस्थित सदस्यों एवं आम नागरिकों के समक्ष प्रशिक्षण स्वरूप जानकारी देते हुए योग के आसनों को कराया। योग के महत्व को बतलाते हुए भारत विकास परिषद के छपरा शाखा के सचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने कहा कि योग के द्वारा हम कठिन से कठिन और असाध्य रोगों से निजात पा सकते हैं। योग एक ऐसी जीने की कला है जिसकी सीख मनुष्य को अपने बचपन काल से ही आरंभ करनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि योग भगाए रोग । इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष शंकर नाथ पाठक, कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद जगाती, डॉक्टर आशुतोष कुमार दीपक, ईश्वर प्रसाद प्रोफेसर डॉक्टर विजय कुमार सिन्हा, विनोद कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार वैश्य एवं अन्य उपस्थित थे । राष्ट्रगान के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ । यह जानकारी भारत विकास परिषद छपरा के प्रेस प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने दिया ।

# लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन का अचानक रूट बदलने से यात्रीयों में अफरातफरी

प्रात: किरण, संवाददाता



एकमा। छपरा सिवान रेल खंड के एकमा स्टेशन पर सुबह के करीब 8:00 बजे से लेकर 9:00 बजे तक एकमा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे रेल यात्री जनता बाजार ताजपुर चेनवा रसूलपुर चनचौरा मोहम्मद पुर ग्यासपुर मटियार सितलपूर बरेजा आदि दर्जनों गांव से पहुंचे रेल यात्रियों ने दिल्ली जाने के लिए एकमा स्टेशन से सीतामढ़ी से आनंद विहार जाने वाली लिक्छ्छवी एक्सप्रेस ट्रेन का आरक्षण टिकट लेकर दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचे हुए थे । तब तक अचानक पता लगा कि यह ट्रेन शुक्रवार के दिन छपरा से फेफाना मऊ होकर दिल्ली जाएगी । इसकी खबर सुनते ही यात्रियों में अफरा तफरी मच गई । यात्री विवश होकर सोचने लगे कि अगर हम लोग ट्रेन पकड़ने के लिए छपरा या मांझी जाएंगे तब तक ट्रेन चली जाएगी । यात्रियों का कहना था कि अगर इसकी सूचना पूर्व से दी गई होती तो हमलोग पहले से छपरा या मांझी पहुंचकर ट्रेन पकड़ लिए होते । यह नौबत आज नहीं आती। यात्रियों में नीतीश कुमार मुन्ना पंडित आनंद कुमार शर्मा राहुल कुमार विजय सिंह रंजय कुमार रीना देवी कामेश्वर सिंह देवाती देवी बेबी देवी रामाधार ठाकुर सुमित ठाकुर अलका देवी आदि ने बताया कि अचानक ट्रेन का रूट बदलने से हम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा । कई लोगों ने इलाज के लिए दिल्ली जाने के लिए टिकट कराया था । इस संबंध में एकमा स्टेशन मास्टर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह ट्रेन 21 22 25 26 व 27 जून तक इस रूट से नहीं चलेगी । सूत्रों से जानकारी मिली की इंटरलॉकिंग के चलते ट्रेन का रूट में बदलाव हुई है। वही एकमा स्टेशन के बुकिंग बाबू ने बताया कि इस ट्रेन की रूट बदलने से 35000 रूपए का टिकट वापसी हुई है। वहीं आज के दौर में इंटरनेट कि सुविधा उपलब्ध होने से यात्री ट्रेन कि स्थिति नेट पर देख कर घर से निकले हुए थे। जहां नेट पर दिखा रहा था कि यह ट्रेन अभी कोपा दाउदपुर आ रही है । जब स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि रूट बदल गई है। इंटरनेट भी आज झुठ साबित हुई हैं। जहां सरकार सभी तरह कि कार्य इंटरनेट पर उपलब्ध होने कि बात कह रही है और बढ़ावा भी दें रही है ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेपका में किया गया योगाभ्यास

## रेल कारखाना में योग शिविर का उद्घाटन करते अधिकारी



प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कई प्रमुख स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेल पहिया कारखाना बेला में आयोजित योगाभ्यास शिविर का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल्य सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।उन्होंने शिविर को संबोधित करते हुए कहा की योग के माध्यम से हम सभी व्यस्त दिनचर्या होने के बावजूद निरोग रह सकते है ।इसके लिए हमे योग के प्रकार तथा तरीकों की सही जानकारी की जरूरत है ।योग के द्वारा हम किसी भी प्रकार की बीमारियों से अपना बचाव कर सकते है ।शिविर में प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता राकेश गौतम, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार, सचिव मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उत्तम कुमार सिंह तथा शिविर के संचालक उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सी एस आजाद शामिल थे। वहीं क्षेत्र के एस बी सी एम विद्यालय,मध्य विद्यालय लोहछा,मध्य विद्यालय सांझा,मध्य विद्यालय पुरदिलपुर, मध्य विद्यालय ढोंगहा समेत लगभग सभी विद्यालयों में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया ।वहीं मस्तीचक शुक्लेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी युवा भाजपा नेता अनमोल पाठक के नेतृत्व में आयोजित योग शिविर में मनीष शुक्ला, हिमांशु शुक्ला,ब्रजेश कुमार, अनुज कुमार समेत दर्जनों युवाओं ने भाग लिया।

# एक दिवसीय क्षमतावर्धन-सह-सखी वार्ता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

छपराकार्यालय। जिला हव फोर एंपावरमेंट आफॅ वूमेन कार्यालय सारण, छपरा के तत्वाधान में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए केन्द्र प्रशासक मधुबाला के द्वारा बताया गया कि आशा कार्यकताओं के साथ एक दिवसीय क्षमतावर्धन-सह-सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय रखा गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ किरण ओझा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रजनन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक निशा कुमारी के द्वारा सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए लाभांवित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई ताकि सरकार के योजनाओं की जानकारी दूर दराज की महिलाओं को भी मिल सके। केन्द्र प्रशासक के द्वारा घरेलू हिंसा तथा महिलाओं से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। अधिवक्ता उर्मिला यादव के द्वारा महिलाओं से जुड़े कानूनों और अधिकारों की जानकारी कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राम-जानकी मंदिर में योग कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

आदापुर। प्रखंड क्षेत्र के श्यामपुर बाजार में अवस्थित श्रीराम जानकी मंदिर में 10वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद के सौजन्य से भव्य योग कार्यक्रम आयोजित हुई। बता दें कि योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में लोगों ने सुप्त पवनमुक्तासन,भुजंगासन,पश्चिमोत्तानासन,वज्रासन, धनुरासन आदि का अभ्यास किया। साथ ही लोगों ने योग की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति दिलाने के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवलकिशोर गुप्ता ने बताया कि योग शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है, जिससे आपका शरीर अपने आप ही अधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला बन जाता है। मौके पर जितेंद्र वर्णवाल, अनिल प्रसाद ,योगेंद्र श्रीवास्तव,पुरष सिंह, सुदिष्ट गुप्ता,नारद कुमार, अशोक पटेल ,जिज्ञासु कुमार, विकास कुमार, दिनेश कुमार आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# विद्यालय के बच्चे व शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को स्थानीय ब्रजकिशोर किंडरगार्टन के प्रार्थना सदन में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव, उप प्राचार्य अजीत कुमार, शिक्षकवृंद एवं छात्रवृंद उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने योगाभ्यास किया। उक्त अवसर पर प्राचार्य महोदय ने कहा कि ह्ययोग सदैव भगाए रोग ।ह्व अतः इसके साथ जिंदगी का हर लम्हा जुड़ा रहना चाहिए। इस वर्ष योग दिवस का मूल विषय ह्यस्वयं तथा समाज की स्वस्थ परिकल्पनाह्व है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर योग शिक्षक श्री शेषधर ओझा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्यकरो योग रहो निरोग। स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग नितांत आवश्यक है।

# राजेंद्र महाविद्यालय में योग शिविर का हुआ आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। शुक्रवार को 10 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजेंद्र कॉलेज छपरा में सेहत केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी और नेहरू युवा केंद्र छपरा के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए योग को जीवन शैली के रूप में परिभाषित किया ।उन्होंने कहा कि योग एवम प्राणायाम चरित्र-निर्माण की पूँजी हैचरित्र निर्माण, व्यक्ति के क्षमता निर्माण और उत्पादकता का आधार है ।योग प्रशिक्षक अनामिका कुमारी एवम चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षक, छात्र छात्राएं एवम शिक्षकेतर कर्मियों ने योग एवम प्राणायाम के विविध आसनों को किया। इसके साथ ही इस वर्ष की थीम - स्वयं एवम समाज के लिए योग विषय पर पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता एवम क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो संजय कुमार, एनसीसी कंपनी कमांडर, सेहत केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ जया कुमारी पांडेय, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेश रंजन, डॉ अनुपम कुमार सिंह, डॉ राकेश जायसवाल, जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम, सत्यनारायण यादव और सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

# पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के दो मोबाइल एक मोटर के साथ तीन चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रात: किरण, संवाददाता

अमनौर स्थानीय थाना क्षेत्र के झखरा गांव में अज्ञात अभ्युक्तो द्वारा एक ब्यक्ति के घर से दो मोबाइल एक पानी वाला मोटर चोरी करने की घटना कारित की गई थी ।घटना 14 जून की है ।पुलिस पीड़ित ब्यक्ति के लिखित शिकायत पर कांड संख्या 18 /24दर्ज की गई थी ।थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने बताया अपराधी को तकनीकी अनुसंधान के आधार पर एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया ।इसके निशाने पर चोरी की गई दो मोबाइल एक मोटर के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेजा दिया ।गिरफ्तार चोर मढौरा थाना क्षेत्र के रहीमपुर गांव के बबलू कुमार पिता परमेश्वर राम वही बिक्रमपुर गांव के राजू सिंह के पुत्र गोलू कुमार,धर्मपुर ठेकही गांव के बिनोद सिंह के पुत्र आंनद राज बताया जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद सिग्रीवाल ने लोगों के साथ किया योगाभ्यास

प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुर`महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड के हरपुर शिवालय परिसर में क्षेत्र के लोगों के साथ योगाभ्यास कियोउन्होंने शुक्रवार की सुबह योगाभ्यास के लिए हरपुर शिवालय पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग शरीर मन और बुद्धि को स्वस्थ रखने की भारतीय जीवन पद्धति हैइसका नियमित अभ्यास न सिर्फ मनुष्य को ऊर्जा संपन्न बनाता है बल्कि उनमें सकारात्मक चेतना का विकास भी करता हैयोगके अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए एक बेहतर निर्णय लेने मे मदद मिलती हैअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा भारतीय योग पद्धति को पूरा विश्व ने अपना लिया है कार्यक्रम में योग गुरु गोविंद जी महाराज ने योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम का अभ्यास करायो मौके पर संत दामोदर दासजी महाराज ,भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य उमेश तिवारी,हेमनारायण सिंह , भाजपा के जिला प्रवक्ता गुड्डू चौधरी, मांझी विधानसभा के युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल,युवा नेता दीपू चतुवेर्दी,प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह,बंटी सिंह, रामकुमार मिश्र , अमरजीत सिंह, विजय कुमार सिंह,पंकज कुमार सिंह, निलेश कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे

# विश्व योगा दिवस: छपरा के स्काउट गाइडों ने सोनपुर में राष्ट्रीय स्तर के शिविर में किया योग



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।: विश्व योगा दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित क्षेत्रीय स्तर का योग उत्सव एवं कार्यशाला में स्काउट गाइड ने योग किया ।योग दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने किया। योग शिविर में उपस्थित स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने कहा कि योगा हमारी पारंपरिक पद्धति रही है। स्वस्थ रहने के लिए इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं है। शारीरिक और मानसिक रूप से न केवल हम स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी इससे होगा, जिससे किसी भी तरह की बीमारी नहीं होगी। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट)अमन राज ने बताया कि सोनपुर स्थित स्काउट डेन में लगभग 120 स्काउट और गाइड ने योग शिविर में भाग लिया ।जिसमें सारण के 6 स्काउट गाइड ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया। इस योग शिविर में सारण से स्काउट सोनू,आदित्य,अरमान,सक्षम तथा गाइड खुशी और माही शामिल हुई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 22 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### हाथियों को कौशल विकास केंद्र परिसर में रखा गया है : रेंजर राजकुमार

वाल्मीकिनगर।नसीम खान क्या वीटीआर के चार पालतू हाथियों को कौलेश्वर स्थित हाथीशाला से हटाकर कोतराहां स्थित कौशल विकास सेंटर में रखा गया है। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि इनदिनों नेपाल के चितवन वन क्षेत्र के जंगली हाथियों को वीटीआर वन क्षेत्र में चहलकदमी करते देखा जा रहा है।जंगली हाथियों से पालतू हाथियों को कोई नुकसान नहीं हो, एहतियातन ऐसा कदम उठाया गया है। बतादें की वीटीआर के चार हाथियों को कर्नाटक से मंगवाया गया है।जिससे कौलेश्वर स्थित हाथी शाला में रखा गया है लेकिन जंगली हाथियों की वजह से कोतराहां वन परिसर में रखा जा रहा है।बतातें चलें कि वीटीआर के हाथियों से वन गश्ती की जाती है।

### उप विकास आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

छपरा कार्यालय। उप विकास आयुक्त, प्रियंका रानी द्वारा आज सात निश्चय एवं निश्चय-२ की मत्वपूर्ण योजनाओ यथा- बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वं भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर खेत तक सिंचाई का पानी (जल संसाधन विभाग) , हर खेत तक सिंचाई का पानी (लघु जल संसाधन विभाग), हर घर नल का जल ग्रामीण एवं शहरी का अनुरक्षण, सभी गावों में सोलर स्ट्रीट लाईट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ग्रामीण/शहरी के क्रियान्वन की समीक्षा की गयी। उक्त योजनाओ में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय लंबित योजनाओ को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया ताकि जिले की रैंकिंग में अपेक्षित सुधर प्रदर्शित हो सके।

### चिरांद में गंगा महाआरती आज

डोरीगंज।गंगा, सरयू और सोन नद के संगम पर स्थित पुरातात्विक, सांस्कृतिक व धार्मिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण चिरांद को 17 वां वार्षिक समारोह 22 जून 2024 दिन शनिवार को आयोजित होने जा रहा है।भव्य गंगा महाआरती के साथ गंगा गरिमा रक्षा संकल्प समारोह व चिरांद चेतना महोत्सव का शुभारंभ होता है।छपरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग समारोह के मुख्यअतिथि होंगे। वहीं समारोह का उद्घाटन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डा.): प्रो.(डा.) परमेन्द्र कुमार वाजपेयी करेंगे। इस अवसर पर चिरांद विकास परिषद के संरक्षक अयोध्या से पधारे लक्ष्मणकिलाधीश महंत मैथिली रमण शरण जी महाराज, महंत बाबा विश्वमोहन दास( श्रीराम जानकी मठ पातेपुर, वैशाली एवं श्रीश्री 1008 श्री महंत कृष्णदास जी महाराज भी उपस्थित रहेंगे।

### मनरेगा मजदूरों ने योगा कर सीखें खुद को स्वस्थ रखने के गुर

बेतिया(घनश्याम)।अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर मनरेगा मजदूरों ने भी योगा कर खुद को स्वस्थ रखने के गुर सीखें।चनपटिया प्रखंड के लोहियरिया पँचायत स्तिथ प्रजापति अमृत सरोवर तट पर मनरेगा मजदूरों को पँचायत रोजगार सेवक सुशील कुमार मुखिया विनोद कुमार पांडेय ने योग के विभिन्न आसन और प्राणायाम सिखाया।वही इस दौरान हर कोई योग कर खुद को फिट रखने की मशक्कत में जुटा नजर आया।वही इस दौरान युवाओं से लेकर वृद्धजन तक योग अभ्यास करते दिखे।योगाभ्यास के मौके पर हरिओम दास, राजू बैठा,आमोद ठाकुर,रमेश कुमार सहित दर्जनों मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

छपरा कार्यक्रम ।शुक्रवार को युवा शक्ति निर्माण कार्यालय मे बिहार राज्य ग्रामोद्योग बोर्ड पटना, बिहार के सौजन्य से ग्रामोद्योग साबुन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया, यह कार्यक्रम पूरे 1 माह का होगा जिसमे 25 महिलाये प्रशिक्षण लेंगी प्रशिक्षण के बाद जो महिलाये साबुन या सर्फ बनाएगी वो पटना खादी मौल मे भी बिकेगा इस कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राकेश सिंह एवं उद्योग विभाग के जिला पदाधिकारी नीरज कुमार एवं जिला खादी बोर्ड के कमलेश जी के द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया इस कार्यक्रम मे अभिनाश जी, शैलेश शर्मा,राहुल सिंह,राजीव ,रोहित और सुनीता देवी,नागवंती देवी,अंजू देवी,सुलेखा देवी उपस्थित थे,कार्यक्रम का अध्यक्षता सुनील सिंह पूर्व सैनिक और संचालन संस्था के सचिव राजीव मुनमुन ने किया।

### वरिय पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं को किया निष्पादन

गया।वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया मे वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई है।जिसमें कुल 15 लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए हैं।पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# मशरक के युवक की बाइक दुर्घटना में पटना में मौत, परिजनों में छाया मातम

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक। मशरक के डुमरसन के फरदहिया गांव के युवक की पटना में छड़ लदे ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई।जबकि उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से जख्मी है। मृतक बिहार पुलिस मेंस एसो के संगठन मंत्री सह बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लियाकत अली खां का 18 वर्षीय पुत्र महम्मद अली खां हैं। मृतक दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा हैं और पटना में ही परिजन के संग रहकर पढाई करता था।

पुत्र की मौत से आहत लियाकत अली सहित पूरा परिजन शव को लेकर शुक्रवार के अहले सुबह पटना से मशरक फरदहिया गांव पहुंचा। जहा जुम्मे के नमाज के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में मिट्टी देने की रस्म हुई। घर से निकले जनाजे में शोकाकुल सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए जिसमे बिहार के पूर्व मुख्य सचिव आमिर सुबहानी , बिहार एथलेटिक संघ के अध्यक्ष एवम पूर्व विधान परिषद उपसभापति सलीम परवेज , बिहार एथलेटिक्स एवम बिहार पुलिस के अधिकारी , कोच के अलावे राष्ट्रीय खिलाड़ी शक्ति सिंह , खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह , एथलेटिक्स एनआईएस कोच मो हारून , स्थानीय मुखिया बच्चालाल साह , पूर्व प्रखंड उप प्रमुख साहेब हुसैन टूनटून , समाजसेवी प्रशांत कुमार सिंह सहित अन्य शामिल हुए । मामले में मृतक के चाचा अकबर अली ने बताया कि मृतक पटना में ही पढाई करता है वहीं पर दवा के लिए बाइक से मित्र के साथ गया था जो अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। वहीं घटना की सूचना पर बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह, विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण , जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली , राष्ट्रीय एथलेटिक कोच बिहार पुलिस संजय सिंह , कृष्णमोहन सिंह, श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव सच्चिदानंद ओझा समेत अन्य ने शोक व्यक्त किया।

## विश्व योग दिवस के अवसर पर एसएसबी और पुलिस कर्मियों ने किया योगाभ्यास

प्रात: किरण संवाददाता

वाल्मीकिनगर। विश्व योग दिवस के अवसर पर लोगों ने स्वास्थ के प्रति जागरूक होते हुए कई जगहों पर योगाभ्यास किया।इसी क्रम में वाल्मीकिनगर थाने में थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय के नेतृत्व में महिला व पुरुष पुलिस जवानों ने योगाभ्यास किया।वहीं भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी 21 वीं वीहिनी बी कंपनी के सीमा चौकी परिसर में शुक्रवार की सुबह विश्व योग दिवस के अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट जयंत बोरा के नेतृत्व में योगा प्रशिक्षक (ट्रेनर) आयुष डॉ. संजय कुमार सिंह ने गंड़क बराज सीमा चौकी में एसएसबी के अधिकारियों व जवानों को योगा करा कर उनसे होने वाले फायदे से अवगत कराया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्रशिक्षक आयुष डॉ सिंह ने बताया कि आने वाले समय में योगा के द्वारा ही मानव शरीर के विभिन्न रोगों का क्षय हो सकेगा ।मनुष्य के लिए योगाभ्यास ही एक ऐसा एंटीबायोटिक है,जो शरीर में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों का एकमात्र इलाज है। इसके लिए बच्चों,युवा और बड़े बुजुर्ग को तैयार करना होगा। बच्चे जब इस मुहिम से जुड़ेंगे तो भविष्य का भारत रोगमुक्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास करा कर इससे होने वाले विभिन्न प्रकार के फायदों को बताना होगा।वहीं योगा के बारे में बताते हुए वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि योगा दिवस के अवसर पर सभी पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया है।साथ ही बताया गया कि शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए हमारे जीवन में योगा कितना जरूरी है।इस अवसर पर एसएसबी के एएसआई अंग्रेज सिंह,कंस्टेवाल ललितेश कुमार,हेड कांस्टेबल अमरेंद्र महतो तथा वाल्मीकिनगर थाना के एसआई महेश कुमार,रवि शंकर सिंह,राजेश कुमार,राजेश आनंद,विनय सिंह, पीएसआई ऋतु रानी,रेशमा कुमारी,आशीष कुमार,नौलेश कुमार,पंकज कुमार,सौरभ कुमार सहित कई जवान उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में भूमि विवाद अतिक्रमण जमाबंदी रसीद आवास योजना राशन कार्ड मामले पहुंचे

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 42 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, बँटबारा, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, जमाबंदी रसीद, आवास योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, परिवहन विभाग, आईसीडीएस एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले आए। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन के लिए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया।

करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम दोर्रा निवासी सत्येन्द्र गुप्ता द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मेरा मकान मिट्टी एवं फुस का बना हुआ है जिससे बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होती है। मुझे आवास की सख्त जरूरत है तथा आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। मुझे आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को नियमानुसार जाँच कर एक सप्ताह के अन्दर स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम निसरपुरा निवासी फुलकुमारी देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ तथा मुझे राशन कार्ड की सख्त जरूरत है। मुझे पहले राशन मिलता था पर बाहर रहने के कारण राशन बंद कर दिया गया है। मेरा राशन कार्ड चालू करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम सचई निवासी मिथिलेश प्रसाद द्वारा बताया गया कि फुलसाथर रोड में सरकारी पईन को भरकर मकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिससे सिंचाई में काफी दिक्कत हो रही है। पईन को साफ (उड़ाही) करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी कुर्था को नियमानुसार स्वयं जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

## आरपीएफ जवान द्वारा एक महिला की जान बचाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



गया।गया जंक्शन पर एक महिला यात्री को चलती गाड़ी से नीचे गिरने से बचाकर आरपीएफ ने उनकी जान बचा लिया है। गया आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि आपरेशन जीवन रक्षा के तहत यात्री को सुरक्षित बचा लिया गया हु।

उन्होंने बताया कि गया के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा अप एवं डाउन से आने वाली गाड़ियों को सुरक्षित पास कराया जा रहा था। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 13009, अप दून एक्सप्रेस गया रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 पर समय करीब 04:51 बजे आने के उपरांत अपने निर्धारित ठहराव के बाद समय करीब 5:00 खुल गई थी। तभी देखा गया कि एक महिला यात्री चलती हुई गाड़ी में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में उनका हाथ अन बैलेंस हो गया था। जिस कारण उनका हाथ दरवाजा से लगे हैंडल पकड़े नीचे घसीटते हुए आगे बढ़ रही थी। दिल्ली एंड में ट्रेन पास करा रहे प्रधान आरक्षी रमेश चंद राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया के साथ उपनिरीक्षक अजय द्वारा सूझबूझ एवं सतर्कतापूर्वक महिला यात्री को गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच रहे गैप में नीच गिरने से बचा लिया गया है। जिसे ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा देखा तो उक्त गाड़ी के गार्ड को वॉकी टॉकी से गाड़ी को स्लो करने का सूचना दी। इसके बाद महिला यात्री को उसी ट्रेन में चढ़ाया गया है। इस बारे बता दें कि कई ऐसी संभावित घटनाओं को गया आरपीएफ पोस्ट के पदाधिकारियों की टीम और इनके साथ रहे जवानों ने कई यात्रियों की जान बचाते आ रहे हैं। जिन्हें समय समय पर पुरस्कृत भी किया जाता रहा है।

## कोरेया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा नगरा के प्रांगण में छात्र शिक्षक ने किया योगभ्यास

प्रात: किरण संवाददाता



नगरा। कोरेया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा नगरा के प्रांगण में छात्र शिक्षक ने शुक्रवार को योगभ्यास किया। बताते चले कि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने बड़ी ही तन्मय के साथ अंतर्राष्ट्रीय योगाभ्यास किया , सर्वप्रथम बच्चों को शपथ दिलाया गया कि प्रत्येक दिन आप योग करें विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजयेंद्र विजय ने योग के प्रचार प्रसार और विद्यालय में योग शिविर लगाया जाएगा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों से छात्र-छात्राओं को योग सिखाया जाएगा इसके लिए सारण जिला योग संघ के सचिव यशपाल सिंह से वार्ता कर योग शिविर को जल्द लगाकर इसका लाभ अध्यनरत छात्र-छात्राओं को दिलवाया जाएगा ताकि ग्रामीण प्रवेश के भी छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दिन अपने जीवन में स्वास्थ्य के प्रति योग का कितना महत्व है इससे जोड़ा जा सके पाठशाला के स्नेहा प्रिया गायत्री कुमारी अनिता कुमारी सागर सिंह चौहान प्रमोद सिंह आसिफ अली मुकेश कुमार रेखा देवी रेणु देवी आंचल एवं छात्र-छात्राएं ने भी योग किया।

## एसएसबी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




सोनो जमुई संवाददाता

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ( एस एस बी ) के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र तथा समवाय के कार्यक्षेत्र में स्थित स्कूल के सार्वजनिक स्थल पर योग किया गया । जिसमें एस एस बी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ-साथ ग्रामीणों ओर उत्क्रमित मध्य विधालय बेला ओर उत्क्रमित कन्या मध्य विधालय पकरी के छात्र और छात्राओं ने भी अन्तर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । इस मौके पर 16 वीं वाहिनी एस एस बी के कमान्डेंट श्री मनीष कुमार द्वारा ग्रामीणों ओर जवानों को प्रत्येक दिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया ।उन्होंने कहा कि योगासन सेहत के साथ साथ मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है । इसलिए दुनियाभर के लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है ।योग दिवस मनाए जाने की पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी और इसकी शुरूआत भारत से हुई हे ।

## योग दिवस पर आम से लेकर खास तक किया योगाभ्यास

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी।विश्व योग दिवस के मौके पर शहर के अलग अलग स्थानों और संस्थाओं में योग के महत्व पर चर्चा के साथ सामूहिक रूप से योग का अभ्यास किया गया। प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय शेरघाटी के परिसर में शुक्रवार के सुबह मेघा कराटे ऐकडमी के प्रशिक्षिका मेधा कुमारी के द्वारा सुबह 5 बजे से छः बजे तक स्कूल के छात्राओं के साथ योग अभ्यास कराया गया । योगा टीचर मेधा कुमारी के द्वारा यह भी बताया गया कि योग करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। कई बिमारी दुर भागती है। योग में कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। इसी तरह रंगलाल इंटर स्कूल में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में योग कराया गया। इसी प्रकार श्री महंत सदानंद गिरी कॉलेज शेरघाटी में योग दिवस के मौके पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों को कराटे प्रशिक्षिका मेघा के योगाभ्यास कराया गया। वही इस मौके पर शहर के डीएभी पब्लिक स्कूल जेपी मेमोरियल स्कूल,आदर्श पब्लिक स्कूल,सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थान के अलावा अन्य स्थानों पर भी योग कराया गया।

### आदर्शनगर मोहल्ले में कुछ लोगों ने सास बहू के साथ मारपीट कर किया घायल



भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के आदर्शनगर मोहल्ले में गांव के ही कुछ लोगो ने सास बहू के साथ मारपीट कर दोनो को घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है । उक्त दोनों महिला अपना जान बचाकर किसी तरह वहां से भागकर सुलतानगंज थाना पहुंची जिसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा। जहां से उनसे अपना इलाज कराया। घायल महिला कोमल देवी ने बताया कि नंदकिशोर पोद्दार ने बिना किसी कारण के मेरे घर पर गली गलौज करता है मना करने पर मुझे और मेरे सास को मारकर जख्मी कर दिया। इस दौरान उक्त महिला सुलतानगंज थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

## जुगाड़ गाड़ी और बाइक के बीच टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जमुई/बरहट। गुगुलडीह चंद्रशेखर नगर मार्ग में गेंहचा बहियार के आस पास गुरुवार की देर शाम को एक बेकाबू जुगाड़ गाड़ी ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन के द्वारा घायल युवक को आनन फानन में निजी वाहन से जमुई सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पाकर मृतक का शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। मृतक की पहचान बरहट थाना के गुगुलडीह निवासी सूरज कुमार (25) पुत्र गोरेलाल यादव के रूप में हुआ है । वह परिवार का एक कमाऊ व्यक्ति था। गुरुवार की शाम को वह बाइक से किसी निजी काम से घर लौट रहा था की उसका सामना एक विपरीत दिशा से आ रहे एसबेस्टस लदा जुगाड़ गाड़ी से हो गया। इसी दौरान उसे उक्त जुगाड़ गाड़ी ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसका एक हाथ और जांघ टूट गया और छाती में जबरदस्त ठोकर लगा। हादसे की जानकारी पाकर थानाध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी वहां मौजूद लोगों से ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवाया।

## गुजरात सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्र-तुरी खुर्द का अवलोकन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



गया। गुजरात सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के वरीय पदाधिकारी सहित 9 सदस्यीय टीम का भ्रमण आज दिनांक 21को बोधगया परियोजना अन्तर्गत औचक रूप से आँगनबाड़ी केन्द्र-तुरी खुर्द कोड सं-210 पंचायत-शेखवारा में आँगनबाड़ी सेवाओ की गतिविधियों एवं जीविका के कार्यो का अवलोकन किया गया है। टीम में गुजरात सरकार के अवंतिका दर्जी, संयुक्त निदेशक आई०सी०डी०एस० शोभना वर्मा, संयुक्त प्रबंध निदेशक जी०एल०पी०सी०, नेहा कंथरीया उप निदेशक आई०सी०डी०एस०, अल्पना सोलंकी सहायक निदेशक, आई०सी०डी०एस०, बिहार सरकार आई०सी०डी०एस० निदेशालय के सलाहकार स्वास्थय एवं पोषण डॉ० मनोज कुमार एवं अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। टीम को आवश्यक सहयोग हेतु गया जिला की ओर से जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं जयश्री दास बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बोधगया उपस्थित थे। आँगनबाड़ी सेवाओं , पोषण अभियान की गतिविधियों की जानकारी टीम के सदस्यों को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है। टीम ने उक्त स्थल पर लाभुकों से वार्ता भी की है। टीम ने बिहार राज्य में आई०सी०डी०एस० के कार्यो की प्रगति को सराहा है। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा बच्चों के नाम पर पौधारोपण भी किया गया है। इसके साथ ही टीम द्वारा केन्द्र पर लाभुक वर्ग के चिन्हीत बच्चें को अन्नप्राशन तथा गर्भवती माता को गोदभराई भी की गई है।

## एन एच 727 मुख्य मार्ग के बसरिया में दो बाईकों की टक्कर में दो जख्मी, इलाजरत

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। नेशनल हाईवे बगहा - बेतिया मुख्य मार्ग के परसौनी चौक के समीप बसवरिया चौक पर शुक्रवार की सुबह दो बाईक की टक्कर में दो बाईक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गयें। घटना की सुचना मिलतें ही चौतरवा थाना के अपर थानाध्यक्ष ज्योति पूंज के नेतृत्व में विधि व्यवस्था प्रभारी मुकेश कुमार सिंह व सब - इन्स्पेक्टर विनय कृष्ण सहित पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मियों को इलाज हेतु बेतिया व एक जख्मी को एपीएचसी पतिलार भेजा। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि बाईक दुर्घटना में जख्मी व्यक्तियों की पहचान बहुअरवा फार्म के प्रदीप शर्मा व भितहां थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के फारुक अली के पूत्र सिराज अली के रुप में हुई है। जिन्हें उपचार हेतु बेतिया व पतिलार एपीएचसी भेजा गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेन्द्र ने बताया कि वाहनों के रफ्तार को कम करने के लिए बसवरिया में ड्राम रखा गया है। ताकि वाहनों की रफ़्तार कम हो, तथा दुर्घटना से लोगों को निजात मिल सकें। उन्होंने सडक सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों का पालन करने की अपील लोगों से की। कहा कि सबसे पहले सावधानी जरुरी है। सडक पार करते समय नियम का पालन करते हुए अपने आप में सावधानी बरतें। तभी आप सुरक्षित रह पायेंगे। एसडीपीओं ने बताया कि आये दिन लगातार दुर्घटना हो रही है। बावजूद भी वाहन चालक सुधर नहीं रहें हैं। वाहनों की गति रफ्तार को कम करने के लिए बसवरिया में ड्राम लगाया गया है। ताकि वाहनों की रफ्तार कम हो, तथा दुर्घटना से बची जा सकें। अपर थानाध्यक्ष ज्योति पूंज ने भी वाहन चालकों व स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि सावधानी बरतें, तभी आप सुरक्षित रहेंगे। गौरतलब हो कि एन एच 727 मुख्य मार्ग के बसवरिया में एक सप्ताह के अंदर आधा दर्जन से अधिक दुर्घटना हो गई है। तथा दुर्घटना में कई मौतें भी हो गई है। बावजूद भी वाहन चालक सडक सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे आये दिन दुर्घटना जारी है।

## चिकित्सको व कर्मियो ने दिया योग का संदेश




दानापुर। नगर के अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल एवं लोक नारायण जय प्रकाश अस्पताल में इप्का लेबोरेट्रिज के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एल एन जे में डा एन एन राय, डा शिवेन्द्र कुमार एवं दानापुर के उपाधीक्षक डॉ नीभा मोहन, डा अजय कुमार, डॉ शिवेश कुमार, डॉ अवधेश कुमार डॉ संजय चौधरी समेत कर्मियो ने योगाभ्यास किया। चिकित्सको ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्रजेश कुमार, असीम कुमार, मनोरंजन सिन्हा राकेश कुमार, विष्णू कुमार आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु थानाध्यक्षों के साथ हुई समीक्षा बैठक

प्रात: किरण



दरभंगा। आगामी 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि लोक अदालत में उपस्थिति के लिए न्यायालयों से हजारों की संख्या में नोटिस निर्गत किया गया है। परंतु नोटिस के तामिले की गति धीमी है इसलिए तामिले के संदर्भ में सभी थानाध्यक्ष को गंभीर होना होगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि जितना अधिक नोटिस पक्षकारों तक पहुंचेगा उतना अधिक मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि न्यायालय के अलावा विभिन्न विभागों से प्राप्त मुकदमा पूर्व मामलों से संबंधित नोटिसों का भी तामिला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय में होने वाले विशेष लोक अदालत से संबंधित नोटिसों को भी तामिल किया जा रहा है, जिस पर खास ध्यान रखें।बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।



# मिचेल स्टार्क बने वर्ल्ड कप के सबसे महान गेंदबाज़, मलिंगा को पछाड़ बना दिया विश्व रिकॉर्ड

### वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट

- मिचेल स्टार्क- 52 पारियां- 95 विकेट
- लासिथ मलिंगा- 59 पारियां- 94 विकेट
- शाकिब अल हसन- 75 पारियां- 92 विकेट
- ट्रेंट बोल्ट- 47 पारियां- 87 विकेट
- मुथैया मुरलीधरन- 48 पारियां- 79 -विकेट
- टिम साऊदी- 47 पारियां- 77 विकेट
- ग्लेन मैक्ग्रा - 39 पारियां- 71 विकेट
- मोहम्मद शमी- 32 पारियां- 69 विकेट
- शाहिद अफरीदी- 58 पारियां-69 विकेट
- एडम जैम्पा-34 पारियां- 62 विकेट.

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे महाने गेंदबाज़ बन गए. वनडे और टी20 फॉर्मेट के विश्व कप को मिलाकर स्टार्क सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए. उन्होंने श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ लासिथ मलिंगा को पछाड़ दिया. मलिंगा ने अपने करियर में वर्ल्ड कप खेलते हुए 94 विकेट झटके थे.

अब मिचेल स्टार्क उनसे आगे निकलते हुए 95 विकेट के आंकड़े पर पहुंच गए. ऑस्ट्रेलियाई पेसर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच में यह ऐतिहासिक आंकड़ा छुआ. टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 44वां मैच ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच खेला गया. यह सुपर-8 के चरण का मैच था, जिसमें स्टार्क ने तंज़ीद हसन को बोल्ड कर अपने करियर में विश्व कप का विकेट नंबर 95 चटकाया. स्टार्क ने मैंच के पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर तंजीद को बोल्ड कर दिया था.

स्टार्क ने वर्ल्ड कप में मलिंगा से कम पारियों में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का कारनामा किया. मलिंगा ने वर्ल्ड कप की 59 पारियों में में 94 विकेट चटकाए थे, जबकि स्टार्क ने सिर्फ 52 पारियों में 95 विकेट अपने नाम कर लिए. इस लिस्ट में बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन तीसरे नंबर पर हैं. शाकिब ने 75 पारियों में 92 विकेट अपने नाम कर लिए हैं.

अब तक ऐसा रहा मिचेल स्टार्क का व्हाइट बॉल करियर

मिचेल स्टार्क ने अब तक अपने करियर में 121 वनडे और 63 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल लिए हैं. वनडे की 121 पारियों में उन्होंने 22.96 की औसत से 236 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 6/28 का रहा है. इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल की 63 पारियों में 23.88 की औसत से 76 विकेट अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 4/20 का रहा है.

**इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान**

# सुपर-8: भारत का जीत से अगाज

**बारबाडोस, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम अब भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में एक भी मैच नहीं हारी है। भारत का अभियान ठीक पिछले साल हुए वनडे वर्ल्ड कप की तरह चल रहा है। टीम इंडिया ने 20 जून की रात को सुपर 8 के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 47 रन से हराया। भारत की इस जीत में अनुभवी तेज तर्रार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई।

- **7 रन पर झटके 3 विकेट फिर भी जसप्रीत बुमराह के साथ हुआ अन्याय?**

जस्सी की धारदार गेंदबाजी ने एक बार फिर विरोधियों की लंका लगा दी। लेकिन इतनी शानदार गेंदबाजी करने के बाद भी जस्सी के साथ अन्याय हुआ? जसप्रीत बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 1.75 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए महज 7 रन दिए और 3 विकेट झटके। इसके अलावा उन्होंने एक ओवर मेडिन भी डाला। जस्सी ने रहमानुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजई और नजीबुल्लाह जादरान का शिकार किया था। हालांकि इतने शानदार प्रदर्शन के बाद भी बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड नहीं मिला। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया, जिन्होंने 28 गेंद पर आक्रमक 53 रन ठोके थे। देखा जाए तो बल्लेबाजी में सूर्या की पारी और गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का स्पेल दोनों ही भारत की जीत के लिए अहम थे।



### कुछ ऐसा रहा मैच का हाल

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर निर्धारित 20 ओवर में 181 रन ठोक डाले। रोहित शर्मा और विराट कोहली के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पंड्या (32) ने मोर्चा संभाला। अंत में अक्षर पटेल ने भी तेज गति से 12 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से राशिद खान ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए थे। 182 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान सिर्फ 134 रन पर ही ढेर हो गई। भारत की तरफ से 3-3 विकेट जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने झटके। 2 विकेट कुलदीप यादव को मिली। वहीं एक-एक सफलता अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के हाथ भी लगी।

### स्थानापन्न खिलाड़ी जोविच ने सर्बिया को हार से बचाया, इंजरी समय में दागा गोल, मैच ड्रॉ पर समाप्त

म्यूनिख, एजेंसी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी, जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई। सर्बिया को अपने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रेफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी।

# मेरी गेंदों पर स्वीप मत मारो...

## राशिद- सूर्यकुमार में हुई बातचीत, आईसीसी ने जारी की वीडियो





**बारबाडोस, एजेंसी।** बारबाडोस में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले के दौरान एक मजेदार वाक्या देखने को मिला जब अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उनकी गेंदों पर स्वीप शॉट न मारने के लिए कहा। दोनों में बातचीत तब शुरू हुई जब सूर्यकुमार ने राशिद का बनाया दबाव कम करने के लिए उनकी गेंदों पर लगातार स्वीप मारकर बाऊंड्रीज बटोरी। मामला 11वें ओवर का था। टीम इंडिया ने विराट कोहली और ऋषभ पंत का विकेट गंवा दिया था। क्रीज पर सूर्यकुमार ही टिके थे। उनके लगाए लगातार शॉट के कारण ही राशिद खान परेशान दिखे। आईसीसी ने दोनों क्रिकेटर की बातचीत की एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की है।

बहरहाल, 53 रन की पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मुझे (7-15 ओवर) बल्लेबाजी करने में मजा आता है, यह सबसे कठिन चरण होता है जहां विपक्षी गेंदबाज चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं। मुझे उस चरण में कार्यभार संभालना पसंद है, मैं इसका आनंद लेता हूं। जब वह (कोहली) आउट हुआ तो मैंने अपनी बबलगम जोर से चबाना शुरू कर दिया था। मैंने बस अपने खेल और अपनी प्रवृत्ति का समर्थन किया। मैंने उनके (रोहित शर्मा) साथ काफी क्रिकेट खेला है। वह मेरे खेल को जानता है, इसलिए वह आराम से बैठता है और इसका आनंद लेता है। यह एक अच्छा योग है, देखते हैं अब क्या होता है।

### ऐसा रहा मुकाबला

इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। रोहित खुद तो 8 ही रन बना पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 53, हार्दिक पांड्या ने 32, कोहली ने 24 तो पंत ने 20 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट पर 181 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम 134 रन ही बना पाई।

# क्या सानिया मिर्जा सच में कर रही हैं मोहम्मद शमी से शादी?

### पिता इमरान ने तोड़ी चुप्पी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेनिस सनसनी सानिया मिर्जा और भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी क्या शादी करने वाले हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर इन दोनों की शादी की अफवाहों का बाजार गर्म है. सोशल मीडिया पर दोनों ट्रेंड कर रहे हैं. जिसके कारण फैन्स कंफ्यूज हो गए हैं कि क्या सच में दोनों शादी करने वाले हैं. लेकिन अब इन अफवाहों को लेकर सानिया मिर्जा के पिता इमरान मिर्जा ने रिएक्ट कर इन अफवाहों की सच्चाई बताई है. सानिया के पिता ने कंफर्म किया है कि जो भी खबरें चल रही है वह बिल्कुल बकवास है. बता दें कि हाल ही में सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक एक दूसरे से अलग हुए हैं. वहीं, दूसरी ओर मोहम्मद शमी भी अपनी वाइफ हसीन जहां से अलग रह रहे हैं. हाल ही में सानिया मिर्जा हज यात्रा पर रवाना हुई हैं. सानिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी थी और कहा कि उन्हें काफी इंतजार के बाद इस पवित्र यात्रा पर जाने का अवसर मिला है. सानिया मिर्जा हज की अपनी पवित्र यात्रा शुरू कर चुकी हैं. पूर्व टेनिस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उन्हें पवित्र यात्रा पर निकलने का अविश्वसनीय अवसर मिला है, क्योंकि वह जल्द ही सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में होंगी. अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किए गए एक लंबे नोट में, सानिया ने लिखा, मेरे प्यारे दोस्तों, मैं एक नए अनुभव की तैयारी कर रही हूं। मैं आप सभी से अपनी सभी गलतियों की माफ़ी मांगती हूं, मेरा दिल इस समय काफी भावुक और कृतज्ञता से भरा हुआ है।





# हॉकी इंडिया ने प्री-ओलंपिक शिविर के लिए किया भारतीय टीम का किया एलान, स्ट्राइकर दिलप्रीत का कटा पत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को प्री-ओलंपिक शिविर के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का एलान कर दिया। यह शिविर 21 जून से 8 जुलाई तक यहां एसएआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक में भारत को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है।

फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह,



जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय और आमिर अली शामिल हैं।

मिडफील्डर्स के तौर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह और मोहम्मद राहील मौसीन को शामिल किया गया है। वहीं, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंडल फॉरवर्ड हैं जिन्हें शामिल किया गया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन का मानना है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रो लीग मैच उनके लिए एक शानदार अनुभव था।

उन्होंने कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

**कैरन्स कप शतरंज**

# भारत की हरिका दूसरे स्थान पर कायम




**सैंट लुईस , यूएसए, एजेंसी।** एक माह बाद होने वाले शतरंज ओलंपियाड के ठीक पहले स्बही भारतीय खिलाड़ी दुनिया भर के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में खेल रहे है । भारतीय महिला टीम की बेहद महत्वपूर्ण सदस्य ग्रांड मास्टर द्रोणावल्ली हरिका इस समय यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में चल रहे कैरन्स कप शतरंज के चौंथे संस्करण में दुनिया की नौ अन्य दिग्गज महिला खिलाड़ियों के साथ खेल रही है और राउंड रॉबिन आधार पर हो रहे इस टूर्नामेंट में पाँच राउंड के बाद 3 अंक बनाकर उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है । चीन की तीन ज़्होंगाई 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है ।

हरिका नें दूसरे राउंड में स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक को मात दी थी जबकि अन्य चार मुकाबलों में उन्होने जॉर्जिया की नाना दगनिडजे , यूएसए की एलिस ली ओर इरिना कृश और उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ बाज़ियाँ ड्रॉ खेली है । वहीं शारजाह मास्टर्स में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए उन्होने अब तक अपनी फीडे रेटिंग में इस टूर्नामेंट में 3 अंको का सुधार किया

### ISSF के कोटा बदलाव को स्वीकार करने के बाद श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा कोटा बदलाव का आग्रह स्वीकार करने के बाद पेरिस ओलम्पिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में जोड़ दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चूंकि मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं दोनों के लिए क्वालीफाई किया है। इन में से एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाज के लिए निर्धारित है जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गयी।

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा,÷हमने आईएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला से एक कोटा स्थान को ट्रैप महिला से बदलने का आग्रह किया था और हमें इसे मंजूर किये जाने पत्र प्राप्त हुआ है।इसके परिणामस्वरूप श्रेयसी सिंह को पहले से प्रकाशित 20 नामों की सूची से जोड़ दिया गया है।

श्रेयसी महिला ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी के साथ शुरुआत करेंगी। टीम में अब राइफल में आठ, पिस्टल में सात और शॉटगन स्पर्धा में छह सदस्य शामिल हैं। मिश्रित स्पर्धाओं को शामिल करते हुए, टीम अब खेल महाकुंभ में 28 जुलाई से शुरुआत करेगी।

# गंभीर से पहले वीवीएस लक्ष्मण बनेंगे टीम इंडिया के हेड कोच? रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच को लेकर इन दिनों चर्चाएं तेज़ हैं. टीम इंडिया इन दिनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेल रही है. इस विश्व कप के बाद टीम के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो जाएगा. द्रविड़ के बाद कौन भारतीय टीम का कोच बनेगा? इस बात को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी तो सामने नहीं आई है.

लेकिन, मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो गौतम गंभीर का हेड कोच बनना तय है. लेकिन अब सामने आई जानकारी चौंका देने वाली है, जिसमें बताया गया कि गंभीर से पहले वीवीएस लक्ष्मण टीम इंडिया के हेड कोच बनेंगे. बता दें कि टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड 2024 के बाद 5 मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगी. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इस दौरे पर टीम इंडिया के साथ नेशनल क्रिकेट एकेडमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण जा सकते हैं.



अगर गंभीर टीम इंडिया के कोच बनते हैं, तो वह ज़िम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे. हालांकि अभी इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. बीसीसीआई के एक सोर्स ने बताया, इस बात की संभावना है कि वीवीएस लक्ष्मण एनसीए के कुछ कोच के साथ ज़िम्बाब्वे जाएंगे. जब भी राहुल द्रविड़ और पहली टीम के कोच ने अपने कार्यकाल के दौरान ब्रेक लिया, तब लक्ष्मण और उनकी टीम हमेशा आगे आई.

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री निर्मला भुरिया ने एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज का दौरा किया

**भोपाल।** एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज भोपाल ने मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्र निर्मला भुरिया का स्वागत किया। मंत्री के इस दौरे का उद्देश्य चिल्ड्रन्स विलेज के संचालन को समझना, बच्चों एंव स्टाफ़ के साथ बातचीत करना और उनकी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना था। पहली बार दौरे पर आई मंत्री जी ने बाल कल्याण एवं सामुदायिक सहयोग के लिए अपनी उत्सुकता और प्रतिबद्धता दिखाई। इस अवसर पर मंत्री ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और हरित भविष्य के लिए हमारे प्रयास में योगदान दिया।चिल्ड्रन्स विलेज पहुंचने पर बच्चों, स्टाफ़ और ग्राम निदेशक ने मंत्री जी का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की, उनकी कहानियां, उनकी महत्वाकांक्षाएं और उनके अनुभवों को सुना। मंत्री जी का प्रोत्साहन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ले आया और यह बातचीत सभी के लिए यादगार बन गई। बच्चों ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें रीसायकल्ड पेपर से बनी हस्तनिर्मित आदिवासी हस्तशिल्प भेंट की, जो उनकी रचनात्कता और प्रत्यास्थता का प्रतीक है। आभार एवं सराहना को व्यक्त करते हुए एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज के सीईओ सुमंता कार ने कहा, ''माननीय निर्मलाजी का स्वागत करते हुए हमें बेजोड़ प्रसन्नता हो रही है।

### कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**मुंबई, एजेंसी।** 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले, राम यशवर्धन कहते हैं, भगवान शिव को आदियोगी - योग के अवतार के रूप में पूजा जाता है। वह परमेश्वर हैं जो शरीर, मन और चेतना के मिलन को नियंत्रित करते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान शिव ने ही सबसे पहले योग और ध्यान का ज्ञान अपनी प्रिय पत्नी देवी पार्वती के साथ साझा किया था। मेरे लिए, शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में ऐसी पवित्र भूमिका को निभाना बड़े सम्मान की बात है। इस भूमिका के माध्यम से, मुझे दर्शकों के समक्ष भगवान शिव की शिक्षाओं और ज्ञान को जीवंत करने का सौभाग्य मिला है। मेरा लक्ष्य भगवान शिव के सबक - आत्म-अनुशासन का महत्व, और ध्यान की ताकत को प्रदर्शित करना है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, योग कई वर्षों से मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है जिसने मुझे स्थिरता दी है, मुझे मजबूत बनाया है, और जीवन की चुनौतियों के बीच अपार शांति दी है। इस योग दिवस पर, मैं सभी को इसके शक्ति का अनुभव करने और इसके द्वारा मिलने वाले गहरे आनंद को खोजने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ ।'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभाने वाली दीपिका सिंह कहती हैं, योग मेरे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, और लंबे समय तक शूटिंग के बाद, योग मुझे आराम करने और रिचार्ज होने में मदद करता है।

### कार्तिक आर्यन की मां ने कार्तिक की शरारतो के बारे में बताया

**मुंबई, एजेंसी।** लेवल अप, लेवल अप, लेवल अप! द ग्रेट इंडियन कपिल शो का फ़िनाले एपिसोड उम्मीद से बढ़ कर है। हँसी-मज़ाक, भावनाओं और शरारतों का रोलरकोस्टर प्रो मैक्स!!! सुपरस्टार कार्तिक आर्यन और उनकी माँ माला तिवारी के वैलकम के लिए तैयार हो जाइए! इस एपीसोड में होगा सिर्फ़ एंटरटेनमेंट! एंटरटेनमेंट! और एंटरटेनमेंट इस शनिवार रात 8 बजे सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर! हम कार्तिक को थोड़ा और करीब से जानेंगे, क्योंकि उनकी माँ माला तिवारी हमें कार्तिक के कुछ अनजाने किस्से बताने वाली हैं। इस मज़ेदार बातचीत के बीच कपिल के पूछने पर कार्तिक की माँ एक मज़ेदार घटना सुनाती हैं जो उनके स्कूल के दिनों में हुई थी। पढ़ाई के मामले में एक सख़्त पेरेंट होने के नाते, उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने कार्तिक को रंगे हाथों पकड़ लिया था। माला जी ने कहा, एक दिन कार्तिक यह कहते हुए घर से निकला था- मम्मी मैं कोचिंग जा रहा हूँ। मैंने उसका पीछा किया और देखा कि वह किसी और रास्ते पर जा रहा था। वह अपने दोस्त के साथ एक आटा-चक्की की दुकान में घुस गया। मैं भी उनके पीछे पीछे उस दुकान में घुस गई तो देखा कि वहाँ एक बड़ी स्क्रीन लगी थी ।

# दिल्ली में जानलेवा गर्मी से 25 और लोगों की मौत

## श्मशानों में बढ़े शव, एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गर्मी की चपेट में आने से मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। वहीं, श्मशान घाटों पर पहले के मुकाबले अंतिम संस्कारों की संख्या बढ़ने लगी है। राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में बीते 24 घंटे में 25 मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में 33 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि इलाज के लिए भर्ती 13 मरीजों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में 16 जून से अब तक 62 मरीज भर्ती और 24 की मौत हो चुकी है। वार्ड में 45 मरीज भर्ती और 28 की हालत गंभीर है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ. अजय चौहान ने बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे से लेकर गुरुवार सुबह नौ बजे तक अस्पताल में लू को लेकर 26 मरीज इलाज के लिए भर्ती हुए, जबकि सात मरीजों की मौत हो गई। इधर, लेडी हार्डिंग अस्पताल में गुरुवार को एक मौत हुई है।

सूत्रों के अनुसार, लोक नायक अस्पताल में गुरुवार को लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। अस्तपताल में सात मरीज वेंटिलेटर पर हैं। बता दें कि अस्पतालों में मरीज तेज बुखार सहित बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीज भी शामिल हैं।

### एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार

भीषण गर्मी के बीच राजधानी में काफी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। इस कारण निगम बोध घाट के साथ-साथ दूसरे श्मशान घाटों पर भी अंतिम संस्कार के लिए शव की संख्या बढ़ गई है। एक हफ्ते के अंदर निगम बोध घाट पर 500 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। 19 जून को 142 शवों का अंतिम संस्कार किया गया, वहीं 21 जून को दोपहर 12 बजे तक 30 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था।

घाट के महाप्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से औसतन 60 शव अंतिम संस्कार के लिए आ रहे थे। मगर, सबसे ज्यादा 142 शव एक दिन में बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए लाए गए। इसने कोरोना काल की याद दिला दी। अंतिम संस्कार करने के लिए 10 अतिरिक्त लोगों की संख्या बढ़ाई गई है। क्योंकि गर्मी से यहां काम करने वाले लोग भी थक रहे हैं। उधर, लोधी कॉलोनी के आर्य समाज शवदाह गृह पर 18 जून को 18 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पंडित रामलाल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में करीब 80 शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

### कैट्स एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पतालों से लेकर कैट्स एंबुलेंस को अतिरिक्त सावधानी बरतने को लेकर 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसमें एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रखने से लेकर अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा का संचालन 24 घंटे करने सहित कई दूसरे निर्देश शामिल हैं। इस संबंध में विभाग की ओर से सर्कुलर जारी किया गया है। विभाग की ओर से अस्पतालों को कहा गया है कि लू की चपेट में आने वाले मरीजों को भर्ती करने और इलाज में कोई देरी नहीं होनी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि कोई मरीज डिस्पेंसरी में इलाज के लिए आता है तो उसे तुरंत इलाज दिया जाए और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट कराया जाए। शेल्टर होम के बाहर एंबुलेंस तैनात होगी : विभाग ने कैट्स एबुलेंस को भी निर्देश दिए हैं कि मरीज को भर्ती कराने को लेकर आने वाली कॉल पर तुरंत सक्रियता दिखाएं। मरीज को नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट करें। कैट्स विभाग की सभी एबुलेंस दिन और रात में हाई अलर्ट पर रहेंगी। इधर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मदन मोहन मालवीय अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हाल जाना।

#### वरिष्ठ डॉक्टर तैनात होंगे

सर्कुलर के अनुसार, सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा निदेशकों को इमरजेंसी का 24 घंटे संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लू की चपेट में आने वाले मरीजों की देखरेख के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में एक वरिष्ठ डॉक्टर अनिवार्य तौर पर उपस्थित होगा।

# आठ लोकसभा सीटों के 92 पोलिंग बूथों पर होगी ईवीएम की जांच

## चुनाव आयोग ने इस वजह से जारी किया आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न राजनीतिक दलों के निशाने पर रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर खींचतान अभी तक जारी है। चुनाव परिणामों पर संदेह जताते हुए अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग से जांच की मांग की गई।

आयोग ने एक जून, 2024 को जारी एसओपी के तहत मिले कुल 11 शिकायत पत्रों का संज्ञान लेते हुए छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों पर 92 पोलिंग स्टेशन, जबकि आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य विधानसभा की कुल तीन सीटों के 26 पोलिंग बूथों पर ईवीएम की जांच का आदेश जारी किया है।

तेलंगाना, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में तीन लोकसभा सीटों के 66 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की शिकायत भाजपा ने की थी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को जारी पत्र में बताया गया कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद लोकसभा आम चुनाव से आठ और विधानसभा चुनावों से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए। इनके माध्यम से शिकायतकर्ताओं ने ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर की जांच व सत्यापन की मांग की है।

**राज्यों निर्वाचन अधिकारियों के जरिए शिकायतें आयोग के पास आईं:** संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से यह शिकायतें आयोग के पास आईं। अब चुनाव याचिका के स्टेटस की पुष्टि के आधार पर ईवीएम निर्माताओं द्वारा एसओपी का पालन करते हुए कार्यक्रम जारी कर चार सप्ताह के भीतर ईवीएम की जांच शुरू करा दी जाएगी।

# दिल्लीवालों के लिए खुशखबरी ! गांवों में चालू होगा पीएनजी कनेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के गांवो में रहने वालों के लिए गुरुवार को एक खुशखबरी सामने आई है। दिल्ली के एलजी ऑफिस के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी के सभी 383 गांवों को जल्द ही पाइप लाइन के जरिए नेचुरल गैस मिल जाएगी। अधिकारी ने बताया कि इस पाइप लाइन के जरिए गैस की सप्लाई की शुरुआत 2025 से शुरू हो जाएगी। इस दौरान एलजी ऑफिस के अधिकारी ने इस परियोजना को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के कितने गांवों में पाइप लाइन गैस का कनेक्शन पहुंच गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एलजी ऑफिस के अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना की परिकल्पना करने वाले उपराज्यपाल वी के सक्सेना को हाल ही में एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक 111 गांवों में पीएनजी कनेक्शन हो चुके हैं और दिसंबर, 2024 तक 200 अन्य गांवों में पीएनजी कनेक्शन पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च, 2025 तक दिल्ली के सभी 383 शहरी गांवों में पीएनजी की आपूर्ति हो जाएगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मामले में जून, 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को गांवों में पीएनजी कनेक्शन सहित सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने कहा कि पीएनजी आपूर्ति दिल्ली के गांवों की सूरत बदलने में काफी मददगार साबित होगी। अब इस मामले पर अब नया अपडेट सामने आया है। एलजी ऑफिस की तरफ से जानकारी देते हुए बताया गया है कि दिल्ली के गांवों का पीएनजी का सपना एक साल के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान अगले साल यानी कि 2025 तक दिल्ली के सभी 383 गांवों को पीएनजी कनेक्शन दे दिया जाएगा और उसमें गैस की सप्लाई भी शुरू कर दी जाएगी। गैस सप्लाई शुरू होने के बाद दिल्ली के लोगों को गैस के लिए सिलेंडर का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होगी।



### पाकिस्तान में कुरान की बेअदबी पर भीड़ ने थाने में लगा दी आग, आरोपी को जिंदा जलाया

**स्वात, एजेंसी।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। गुस्साई भीड़ ने आरोपी को गोलीमारकर उसे जला दिया। इसके बाद शव घसीटकर बाहर लाए और अधजले शव को लटका दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाए थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी।

# दुनिया पर चढ़ा योग का खुमार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** देश से लेकर विदेश तक 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह देखा जा रहा है। न्यूयॉर्क में भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके लिए चेतावनी भी जारी की गई है। दिन के समय यहां का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद योग के प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभी राज्यों और क्षेत्रों से लोग सुबह-सुबह ही यहां पहुंच गए और योग करने के लिए मैट बिछा लिए।

### दो दशकों से अधिक का अनुभव

योग प्रशिक्षक और श्वास ध्यान शिक्षिका ऋचा ढेकने ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। बता दें आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की स्वयंसेवक के रूप में ढेकने को दो दशकों से अधिक का अनुभव है। कई अन्य योग शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी टाइम्स स्क्वायर पर पूरे दिन अलग-अलग तरीके के ध्यान, व्यायाम और श्वास से जुड़े योग कराए। दिनभर चली गतिविधियों में हजारों लोगों ने भाग लिया।

### करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागी आए

वहीं, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं कि यहां कई देशों से आए योग प्रतिभागी मौजूद हैं और




यह आज पूरे दिन चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागियों के योगाभ्यास करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे वाकई खुशी है कि इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। मुझे यकीन है कि यह आज यहां और अमेरिका के अन्य विभिन्न हिस्सों में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा।

#### सात योग सत्र आयोजित हुए

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान सात योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया। प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों के साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ प्रवासी भारतीयों के सदस्यों ने भी योग सत्र में भाग लिया।

# चीन बाल चैरिटी दिवस : बच्चों की देखभाल और उज्वल भविष्य की कामना को समर्पित दिन

**बीजिंग, एजेंसी।** चाइना चिल्ड्रेन एंड टीनएजर्स फाउंडेशन ने 22 जून 2002 को रचनात्मक रूप से एक बड़े पैमाने पर सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चीन बाल चैरिटी दिवस प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य बच्चों के मुद्दों पर समाज का ध्यान आकर्षित करना और बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य कार्य का समर्थन करने के लिए धन जुटाना है। इस वर्ष का चीन बाल चैरिटी दिवस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आ रहा है। इस दिन में चीन भर में बड़े शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक विभिन्न प्रकार की चैरिटी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और अनगिनत हृदयस्पर्शी कहानियां देखी जाएंगी, जिससे पूरे देश में बच्चों की भलाई के लिए गहरी चिंता का प्रदर्शन किया जाएगा।



गतिविधियां विभिन्न रूपों में आती हैं, मार्मिक चैरिटी प्रदर्शनों से लेकर उत्साही चैरिटी रन तक, उत्साहवर्धक चैरिटी बिक्री से लेकर कॉर्पोरेट दान तक, समाज के सभी जगतों के लोग मदद के लिए हाथ बढ़ाकर बच्चों की स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए ठोस सहायता प्रदान करते हैं। स्वयंसेवक और दानी संगठन भी सक्रिय रूप से गतिविधियों के माध्यम से गरीब और विकलांग बच्चों को सहायता प्रदान करते हैं, ताकि प्रत्येक बच्चा बेहतर जीवन स्थितियों और शैक्षिक संसाधनों का आनंद ले सके।

चीन बाल चैरिटी दिवस का महत्व धन जुटाने से कहीं अधिक है, वह शिक्षा और वकालत के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच है। सरकारी संस्थाएं और गैर-सरकारी संगठन सेमिनारों, सार्वजनिक व्याख्यानों आदि के माध्यम से बच्चों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा के बारे में जनता की जागरूकता बढ़ाते हैं और संबंधित कानूनों और विनियमों के सुधार और कार्यान्वयन को बढ़ावा देते हैं। मीडिया भी रिपोर्टों और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से दान गतिविधियों के प्रभाव को फैलाने में पीछे नहीं रहती, ताकि अधिक लोग इस महान कार्य के बारे में समझ सकें और इसमें भाग ले सकें। जैसे-जैसे बच्चों के मुद्दों पर समाज का ध्यान गहराता जा रहा है, चीन बाल चैरिटी दिवस का प्रभाव भी बढ़ रहा है।

यह दिन न केवल दान गतिविधियों का एक केंद्रित प्रदर्शन है, बल्कि बच्चों के लिए पूरे समाज की देखभाल और जिम्मेदारी का भी प्रतिबिंब है। हम आशा करते हैं कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से, प्रत्येक बच्चा अधिक समान और मैत्रीपूर्ण वातावरण में बड़ा हो सकता है और उसका कल आशाओं और सपनों से भरा हो सकता है।

# चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की विकास रिपोर्ट जारी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के थ्येनचिन शहर में गुरुवार को विश्व स्मार्ट व्यवसाय मेला-2024 आयोजित हुआ। मेले में चीन की नई पीढ़ी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की वर्ष 2024 विकास रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमों की संख्या चार हजार से अधिक हो चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता नए चरण की तकनीकी क्रांति और औद्योगिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति और रणनीतिक प्रौद्योगिकी बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने नवाचार पर निर्भर रहते हुए स्मार्ट चिप्स, बड़े मॉडल, बुनियादी ढांचा और ऑपरेटिंग सिस्टम, टूल चेन, डीप लर्निंग प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन प्रौद्योगिकी समेत कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी व्यवस्था, औद्योगिक नवाचार पारिस्थितिकी और उद्यम गठबंधन स्थापित किया है। औद्योगिक व्यवस्था को नया आकार देने और नवीन औद्योगीकरण को बढ़ाने में इसकी समर्थन की भूमिका दिख रही है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर उद्योग का पैमाना 5 खरब 78 अरब 40 करोड़ युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 13.9 प्रतिशत है। योजना है कि वर्ष 2027 तक सालाना आय 2 करोड़ युआन से अधिक वाले राजकीय औद्योगिक उद्यमों में डिजिटल अनुसंधान और डिजाइन उपकरणों की प्रवेश दर 90 प्रतिशत से अधिक होगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129